INS ACCREDITED
यूनिकॉम एडवरटाइजिंग
unicomadvertising.com

प्रेरणास्रोत पूज्यनीय राजनलाल गौतम जी

# यूनिक समय

डीएवीपी द्वारा मान्यता प्राप्त
डाक पंजीकृत संख्या मथुरा 071/2026—28

Sweety BY MR GROUP Presents
Unique Samay Update
uniquesamay.com

वर्ष-4 | अंक-203 | सांध्य दैनिक | मथुरा, गुरुवार, 17 सितंबर 2026 | पेज-12 | 5 रुपया | www.facebook.com/uniquesamay | X.com/Theuniquesamay | www.linkedin.com/in/uniquesamay

# हुनरमंद हाथों को मिलेगा काम, विश्वकर्मा योजना में 14 नए ट्रेड जुड़े

### 10 दिन का मुफ्त प्रशिक्षण, टूलकिट के साथ बिना गारंटी-ब्याज ऋण की सुविधा




### प्रमाणपत्र से तय होगी पात्रता

प्रशिक्षण के लिए ग्राम विकास अधिकारी, नगर पंचायत, नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी, नगर निगम के संबंधित जोनल अधिकारी या सहायक नगर आयुक्त सहित संबंधित सरकारी विभाग या मान्यता प्राप्त संस्थान का ट्रेड संबंधी प्रमाणपत्र मान्य होगा।

### 15 प्रतिशत मार्जिन मनी की सब्सिडी

प्रशिक्षण प्राप्त लाभार्थियों को इकाई स्थापना, तकनीकी उन्नयन, गुणवत्ता सुधार और प्रसंस्करण जैसी गतिविधियों के लिए ऋण मिलेगा। ऋण पर 15 प्रतिशत मार्जिन मनी सब्सिडी का प्रावधान है। ऋण बिना गारंटी और बिना ब्याज मिलेगा। सामान्य श्रेणी के पुरुष लाभार्थी को परियोजना लागत का 10 प्रतिशत, जबकि महिला, थर्ड जेंडर, दिव्यांगजन, भूतपूर्व सैनिक और अन्य श्रेणी के पुरुष लाभार्थियों को पांच प्रतिशत अंशदान देना होगा।

**यूनिक समय, मथुरा।** बेरोजगार युवाओं और पारंपरिक कारीगरों को हुनरमंद बनाकर रोजगार और स्वरोजगार से जोड़ने के लिए विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना का दायरा बढ़ाया गया है। विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना 2.0 के तहत अब 14 नए ट्रेड शामिल किए गए हैं। योजना में पात्र लाभार्थियों को 10 दिवसीय निःशुल्क कौशल उन्नयन प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके बाद काम को बेहतर बनाने के लिए उन्नत टूलकिट भी उपलब्ध कराई जाएगी।

उद्योग विभाग के अनुसार, योजना के तहत पहले से 11 ट्रेड शामिल हैं। इनमें कुम्हार, बढ़ई, लोहार, नाई, राजमिस्त्री, सुनार, दर्जी, टोकरी–बुनकर, बुनकर, हलवाई और मोची समेत पारंपरिक काम शामिल हैं। नए ट्रेड जुड़ने से रोजगार और स्वरोजगार के अवसरों का दायरा बढ़ेगा।

जिला उद्योग केंद्र के सहायक उपायुक्त चंद्रभान सिंह ने बताया कि बाजार की मांग के अनुरूप उत्पादन और सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए पात्र कारीगरों को प्रशिक्षण दिया जाता है। प्रशिक्षण के बाद कार्यक्षमता, दक्षता और उत्पाद की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए निःशुल्क उन्नत टूलकिट दी जाती है।

**ये नए ट्रेड जुड़े-**अब नए ट्रेड में मूर्तिकार, मालाकार, दूधवाला, भरभूजा, मधुमक्खी पालन के अलावा मोबाइल मरम्मत, ऑटोमोबाइल मरम्मत, इलेक्ट्रॉनिक सामान मरम्मत, बिजली सामान मरम्मत, प्लंबर, कंप्यूटर मरम्मत, सोलर इंस्टॉलेशन, डिजिटल फोटोग्राफी और सौंदर्य, वेलनेस जैसे आधुनिक ट्रेड को भी शामिल किया गया है।

# 11 हजार वोल्ट की लाइन ने बुझाए तीन घरों के चिराग

### सबमर्सिबल के लिए बोरिंग के दौरान हुआ हादसा

### मशीन में उतरा करंट दो मजदूर समेत तीन ने मौके पर तोड़ा दम



हादसे के बाद मौके पर एकत्र ग्रामीण।

**यूनिक समय, शेरगढ़।** थाना क्षेत्र के गांव सियारा में गुरुवार को सबमर्सिबल के लिए बोरिंग करते समय बड़ा हादसा हो गया। बोरिंग मशीन ऊपर से गुजर रही 11 हजार वोल्ट की विद्युत लाइन की चपेट में आ गई। मशीन में करंट उतरने से दो मजदूर समेत तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद घटनास्थल पर चीख–पुकार मच गई और बड़ी संख्या में ग्रामीण जुट गए।

गांव सियारा निवासी मोहन सिंह अपने यहां सबमर्सिबल के लिए बोरिंग करा रहे थे। गंगरोली निवासी सुल्तान और मोहन बोरिंग मशीन से काम कर रहे थे, जबकि मोहन सिंह पास में खड़े थे। इसी दौरान मशीन किसी तरह ऊपर से गुजर रही विद्युत लाइन के संपर्क में आ गई। लाइन से संपर्क होते ही मशीन में तेज करंट दौड़ गया और उसकी चपेट में आने से तीनों गंभीर झुलस गए। कुछ ही देर में तीनों ने दम तोड़ दिया।

हादसे की जानकारी मिलते ही आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे। घटना की सूचना पुलिस को दी गई। शेरगढ़ थाना पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। पुलिस ने तीनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हादसे की खबर मिलते ही मृतकों के परिजन भी मौके पर पहुंच गए। शव देखकर परिजनों का रो–रोकर बुरा हाल हो गया। गांव में मातम पसरा है। पुलिस हादसे के कारणों की जांच कर रही है।

# छाता टाउनशिप के ले-आउट पर लगेगी एमवीडीए बोर्ड की मुहर

### 117 हेक्टेयर में प्रस्तावित टाउनशिप को अंतिम मंजूरी का इंतजार, कल बोर्ड बैठक में होगा फैसला

**यूनिक समय, मथुरा।** छाता में प्रस्तावित बहुप्रतीक्षित टाउनशिप को अब धरातल पर उतारने की कवायद तेज हो गई है। मथुरा–वृंदावन विकास प्राधिकरण (एमवीडीए) की बोर्ड बैठक में टाउनशिप के भू–उपयोग परिवर्तन और तैयार किए गए ले–आउट को अंतिम मंजूरी के लिए रखा जाएगा। बोर्ड की मुहर लगने के बाद परियोजना के अगले चरण की प्रक्रिया शुरू होने का रास्ता साफ हो जाएगा।

एमवीडीए की बोर्ड बैठक 18 सितंबर को वृंदावन स्थित गीता शोध संस्थान एवं रासलीला अकादमी में शाम चार बजे प्रस्तावित है। मंडलायुक्त की अध्यक्षता में होने वाली बैठक में प्राधिकरण से जुड़े कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर विचार किया जाएगा। इनमें छाता टाउनशिप का प्रस्ताव प्रमुख रहेगा। एमवीडीए उपाध्यक्ष लक्ष्मी नागप्पन के अनुसार बैठक में विभिन्न विकास योजनाओं, मानचित्रों, भू–उपयोग परिवर्तन और अन्य विकास कार्यों से जुड़े प्रस्ताव रखे जाएंगे। करीब 117 हेक्टेयर क्षेत्रफल में प्रस्तावित छाता टाउनशिप की प्रक्रिया लंबे समय से चल रही है। परियोजना के लिए आवासीय और अन्य प्रस्तावित गतिविधियों के साथ सड़क नेटवर्क समेत आवश्यक व्यवस्थाओं को ध्यान में रखते हुए ले–आउट तैयार किया गया है। बोर्ड से ले–आउट को अंतिम स्वीकृति मिलने के बाद टाउनशिप के विकास की आगामी प्रक्रिया शुरू हो सकेगी। इससे छाता क्षेत्र में नियोजित शहरी विकास को गति मिलने की उम्मीद है। बैठक में टाउनशिप के अलावा विभिन्न मानचित्रों की स्वीकृति, भू–उपयोग परिवर्तन से जुड़े प्रस्ताव और प्राधिकरण की अन्य विकास योजनाओं पर भी चर्चा होगी। बोर्ड के निर्णय के बाद छाता टाउनशिप की आगे की दिशा तय होगी।

# रिटायर्ड शिक्षिका की हत्या में महिला को उम्रकैद

### 20 हजार जुर्माना

**यूनिक समय, मथुरा।** सेवानिवृत्त शिक्षिका सावित्री देवी की हत्या के करीब एक दशक पुराने मामले में जिला एवं सत्र न्यायालय ने फैसला सुनाया है। जिला जज विकास कुमार ने अभियुक्ता सीता वर्मा को हत्या का दोषी मानते हुए आजीवन कारावास की सजा और 20 हजार रुपये का अर्थदंड लगाया है। वहीं सह अभियुक्त विनय कुमार को पर्याप्त साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया गया।

जिला शासकीय अधिवक्ता शिवराम सिंह तरकर के अनुसार, धौलपुर की डिफेंस कॉलोनी निवासी अशोक वर्मा ने गोविंदनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रिपोर्ट में बताया गया कि उनकी सास सावित्री देवी, आर्य समाज स्कूल से शिक्षिका पद से सेवानिवृत्त होने के बाद कभी बेटी के पास धौलपुर तो कभी नातिन के पास कोटा रहती थीं। मथुरा स्थित अपने मकान पर भी उनका आना–जाना रहता था। रिपोर्ट के मुताबिक, चामुंडा कॉलोनी में सावित्री देवी और आदित्य वर्मा के नाम एक मकान था। उसमें आदित्य की दूसरी पत्नी सीता वर्मा रहती थी। आदित्य और सीता के बीच करीब सात साल से विवाद चलने की बात भी सामने आई थी। इसी मकान को लेकर हत्या की आशंका जताई गई थी।

सावित्री देवी पांच दिसंबर 2014 को धौलपुर से मथुरा स्थित गली पाती राम के मकान पर आई थीं। छह दिसंबर को उनकी नातिन आध्या को शादी समारोह में शामिल होना था। सावित्री ने उसके घर रुकने की बात कही थी। सात दिसंबर की सुबह करीब साढ़े सात बजे आध्या घर पहुंची तो सावित्री देवी कुर्सी पर खून से लथपथ पड़ी मिलीं। घर का सामान बिखरा था और कमरों में रखे बक्से खुले हुए थे। पुलिस ने जांच के बाद सीता वर्मा और विनय कुमार के खिलाफ आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया। सुनवाई के दौरान प्रस्तुत साक्ष्यों के आधार पर अदालत ने सीता को दोषी ठहराया, जबकि विनय को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया।

# बाद डिपो में सुरक्षा और आधुनिक रखरखाव सुविधाओं का विस्तार

**यूनिक समय, मथुरा।** महाप्रबंधक उत्तर मध्य रेलवे नरेश पाल सिंह और मंडल रेल प्रबंधक आगरा गगन गोयल के मार्गदर्शन में बाद स्थित आरओएच/टैंक वैगन डिपो में सुरक्षा, रखरखाव और परिचालन व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए कई सुधार किए। इससे कर्मचारियों के लिए सुरक्षित कार्य वातावरण के साथ वैगनों के रखरखाव और निगरानी में भी सुधार हुआ है। 25 अगस्त को मुख्य संरक्षा आयुक्त (सीसीआरएस) ने 25 टन एक्सल लोड वाले ब्रॉडगेज बोगी कॉइल मल्टीपर्पज (सीएमपी) वैगन का वैधानिक निरीक्षण किया। डिपो टीम ने आवश्यक तैयारियां समय से पूरी कर निरीक्षण निर्धारित समय में संपन्न कराया। मथुरा रिफाइनरी से जुड़े टैंक वैगनों के लिए फायर एक्सटिंग्विशर, एक्सल तापमान रिकॉर्डिंग डिवाइस, गैस डिटेक्टर और नॉन–स्पार्किंग टूल्स उपलब्ध कराए गए हैं। सीबीसी नकल्स की मैग्नेटिक पार्टिकल टेस्टिंग और आरएफआईडी टैग से वैगनों की ट्रैकिंग की जा रही है।

# कब्रिस्तान से रास्ते के विरोध में भड़का आक्रोश

### आन्यौर में होटल के गेट को लेकर जुटी भीड़ पुलिस ने रुकवाया काम

### लोगों ने कहा-कब्रिस्तान की जमीन पर नहीं बनने देंगे रास्ता

**यूनिक समय, गोवर्धन।** आन्यौर परिक्रमा मार्ग स्थित होटल के पास रास्ता निकालने को लेकर गुरुवार को विवाद बढ़ गया। होटल की ओर से गेट निकालकर रास्ता बनाने की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौके पर पहुंच गए। लोगों ने कड़ा विरोध जताते हुए आरोप लगाया कि जिस जमीन से रास्ता निकाला जा रहा है, वह वर्षों पुराना कब्रिस्तान है और उसकी चारदीवारी भी मौजूद है।

स्थानीय लोगों का कहना था कि कब्रिस्तान की जमीन को किसी भी सूरत में रास्ते के लिए इस्तेमाल नहीं होने दिया जाएगा। देखते ही देखते मौके पर पुरुषों और महिलाओं की भीड़ जमा हो गई। विरोध के दौरान लोगों ने काम बंद कराने की मांग उठाई। पूर्व चेयरमैन खेमचंद शर्मा और जनप्रतिनिधि रामधन शर्मा भी मौके पर पहुंचे। विवाद की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने लोगों को समझाकर शांत कराया और मौके पर चल रहा काम फिलहाल रुकवा दिया। इससे मामला शांत हुआ। वहीं होटल संचालक ने स्थानीय लोगों के आरोपों को निराधार बताते हुए कहा कि मौके पर कोई कब्रिस्तान नहीं है और रास्ता काफी पुराना है। पुलिस दोनों पक्षों के दावों की जांच कर रही है।

# कल से दो दिन तक बंद रहेगा रेलवे फाटक 518

**यूनिक समय, फरह।** कस्बा स्थित मध्य रेलवे के फाटक संख्या 518 पर ट्रैक अनुरक्षण कार्य के चलते आवागमन बंद रहेगा। उत्तर मध्य रेलवे के वरिष्ठ अनुभाग अभियंता ने डीएम को भेजे पत्र में बताया कि फाटक को 18 सितंबर से 19 सितंबर तक बंद रखा जाएगा। इस दौरान फाटक से गुजरने वाले वाहनों के लिए रेलवे अंडरपास संख्या 517 और टोल टैक्स के पास बने दीनदयाल धाम मार्ग से आरओबी होकर आवागमन की व्यवस्था की गई है। रेलवे ने यातायात पुलिस समेत संबंधित विभागों को आवश्यक कार्रवाई के लिए जानकारी दी है।

# एमडीआर की दहशत, निजी खातों में समेट रहे डिजिटल भुगतान

## छोटे दुकानदारों को शुल्क बढ़ने का डर, बड़े कारोबारियों ने बताया है मामूली असर

**यूनिक समय, मथुरा।** डिजिटल भुगतान को लेकर नए मर्चेंट डिस्काउंट रेट (एमडीआर) ढांचे ने स्थानीय बाजार के छोटे और मध्यम दुकानदारों की चिंता बढ़ा दी है। 15 अक्टूबर से लागू होने वाले नए प्रावधानों को लेकर कारोबारियों में शुल्क बढ़ने की आशंका है। यही वजह है कि करीब 70 फीसदी छोटे और मध्यम दुकानदार व्यावसायिक खातों के बजाय व्यक्तिगत बचत खातों से जुड़े क्यूआर कोड के जरिए भुगतान स्वीकार कर रहे हैं।

कारोबारियों का कहना है कि फिलहाल छोटे व्यापारियों और आम ग्राहकों को राहत दी गई है। एक लाख रुपये तक के मासिक कारोबार वाले छोटे व्यापारियों, व्यक्तिगत बचत खातों और आम ग्राहकों पर शुल्क नहीं लगाने की बात कही गई है। इसके बावजूद दुकानदारों को आशंका है कि भविष्य में इन छूटों का दायरा सीमित किया जा सकता है।

### छोटे कारोबारियों की बात



व्यापारी आशीष गुप्ता का कहना है कि हम चिंता में हैं। यदि सरकार ने एक लाख रुपये की छूट खत्म कर दी या बचत खातों के लेन-देन पर पाबंदी लगा दी, तो हमारे जैसे छोटे दुकानदारों का मुनाफा पहले से ही कम है, उस पर 0.4 फीसदी का चार्ज भी जेब से भरना पड़ेगा।



व्यापारी विमल मित्तल का कहना है कि हम भ्रमित हैं। ग्राहकों से अतिरिक्त पैसे मांग नहीं सकते, ऐसा करने से ग्राहक दूसरी दुकान पर चले जाएंगे। छोटे–छोटे भुगतान हैं। किस पर क्या बढ़ाकर ले पाएंगे, लेकिन यह तो कारोबार के लिए खतरे की घंटी की तरह है।

### यूपीआई शुल्क पर व्यापारियों ने जताई चिंता



15 अक्टूबर से 2,000 रुपये से अधिक के चुनिंदा यूपीआई व्यापारी लेनदेन पर 0.4 प्रतिशत एमडीआर लागू होने के निर्णय पर द ट्रेडर्स एसोसिएशन मथुरा और अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल ने चिंता जताई है। 75 हजार रुपये या उससे अधिक के लेनदेन पर अधिकतम 300 रुपये शुल्क निर्धारित है। एसोसिएशन अध्यक्ष चिराग अग्रवाल ने कहा कि डिजिटल भुगतान व्यापार का अहम हिस्सा है। एमडीआर से कम मुनाफे वाले कारोबारियों पर अतिरिक्त भार पड़ सकता है। उन्होंने सरकार और एनपीसीआई से व्यापारिक संगठनों के साथ संवाद कर व्यवस्था की समीक्षा करने और छोटे और मध्यम व्यापारियों को राहत देने की मांग की।

### शुल्क का सीधा हिसाब

| | |
|---|---|
| 2,000 का भुगतान | सामान्य एमडीआर लागू नहीं |
| 3,000 का भुगतान | 12 शुल्क |
| 5,000 का भुगतान | 20 शुल्क |
| 10,000 का भुगतान | 40 शुल्क |
| 25,000 का भुगतान | 100 शुल्क |
| 50,000 का भुगतान | 200 शुल्क |
| 75,000 का भुगतान | 300 शुल्क |

**एक लाख का भुगतान 0 .4 प्रतिशत के हिसाब से 400 रुपये बनता है, लेकिन अधिकतम सीमा के कारण 300 रुपये ही शुल्क होगा।**

व्यापारियों के बीच सबसे ज्यादा चर्चा दो हजार रुपये तक के लेनदेन पर शून्य शुल्क और एक लाख रुपये तक की मासिक सीमा को लेकर है। उनका मानना है कि अभी राहत है, लेकिन आगे नियम सख्त हुए तो डिजिटल भुगतान का खर्च बढ़ सकता है।

वहीं, बड़े कपड़ा, इलेक्ट्रॉनिक्स और सराफा कारोबारी इसे लेकर ज्यादा चिंतित नहीं हैं। उनका कहना है कि दो हजार रुपये से अधिक के मर्चेंट लेनदेन पर 0.4 प्रतिशत शुल्क बहुत बड़ा बोझ नहीं है। दस हजार रुपये के भुगतान पर करीब 40 रुपये शुल्क बनता है, जिसे कारोबारी मार्जिन में मामूली समायोजन कर संभाल सकते हैं।




# फिजिशियन फोरम के अध्यक्ष बने डॉ.अनिल चौहान



फिजिशियन फोरम के नवनिर्वाचित पदाधिकारी।

## नई कार्यकारिणी का हुआ गठन, डा. राघव बने सचिव

**यूनिक समय, मथुरा।** शहर के एक स्थानीय होटल में फिजिशियन चिकित्सकों के संगठन फिजिशियन फोरम का चुनाव हुआ। वर्ष 2026–2028 के लिए हुई चुनाव प्रक्रिया में वरिष्ठ फिजिशियन डा. अनिल कुमार चौहान को अध्यक्ष और डा. राघव कुमार को सचिव चुना गया। नई कार्यकारिणी के गठन के साथ ही वर्ष 2028 के लिए वरिष्ठ फिजिशियन डा. भरत गुप्ता को प्रेसिडेंट इलेक्ट चुना गया।

चुनाव अधिकारी डा.पीसी अग्रवाल और डा. एसबी अग्रवाल के नेतृत्व में चुनावी बैठक आयोजित की गई। इसमें डा. चिरदीप अग्रवाल को उपाध्यक्ष और डा. सिद्धार्थ कुमार को कोषाध्यक्ष चुना गया। चुनाव अधिकारियों ने बताया कि फोरम का चुनाव शांतिपूर्ण और पारदर्शी तरीके से संपन्न कराया गया। उन्होंने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि नई कार्यकारिणी चिकित्सकों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाने के साथ फोरम को और मजबूत करने का काम करेगी।

नवनिर्वाचित अध्यक्ष डा.अनिल कुमार चौहान ने कहा कि फोरम ने उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी है, उसका वह पूरी निष्ठा, ईमानदारी और लगन से निर्वहन करेंगे। उन्होंने कहा कि चिकित्सक समाज की सेवा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। बैठक में पूर्व अध्यक्ष डा. संजय सूद, डा. हार्दिक जैन, डा. प्रदीप पाराशर, डा. अजित सिकरवार, डा. विपिन कुमार, डा. ओपी अग्रवाल, डा. भारती गर्ग, डा. नितिन चौहान, डा. अमित गुप्ता सहित अन्य चिकित्सको ने बधाई दी।

# वीरांगनाओं और शहीद परिवारों का सम्मान

## 546 कमलों से हुई यमुना जी की महाआरती

**यूनिक समय, वृंदावन।** गोपाल खार स्थित श्री राधा प्रसाद धाम में आयोजित 546वें श्री स्वामी हरिदास आविर्भाव महोत्सव के अंतर्गत भक्ति, राष्ट्रभक्ति और सामाजिक समरसता का अद्भुत संगम देखने को मिला। प्रातःकालीन कार्यक्रम में संत–महात्माओं, रसिक भक्तों, समाजसेवियों और बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया।



कार्यक्रम में सम्मानित वीर नारियों के साथ महामंडलेश्वर स्वामी राधा प्रसाद देव, महंत मोहनी बिहारी शरण आदि।

कार्यक्रम का शुभारंभ कवि सम्मेलन से हुआ। कवियों ने राष्ट्रभक्ति, सनातन संस्कृति और ब्रज महिमा पर आधारित रचनाओं का पाठ कर वातावरण को भावपूर्ण बना दिया। इस दौरान देश की रक्षा करते हुए वीरगति प्राप्त सैनिकों के परिजनों और वीर नारियों को सम्मानित किया गया। शौर्य चक्र से सम्मानित कैप्टन राकेश शर्मा की मां संतोष शर्मा वीर नारी इंदू शर्मा को विशेष सम्मान दिया गया। विभिन्न शहीद सैनिकों के परिजनों और वीर नारियों को महामंडलेश्वर स्वामी राधा प्रसाद देव ने सम्मानित कर उनके त्याग, साहस और राष्ट्रसेवा को नमन किया।

महंत मोहनी बिहारी शरण ने कहा कि देश की सीमाओं पर अपने प्राणों का सर्वोच्च बलिदान देने वाले सैनिकों और उनके परिवारों का सम्मान करना प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। कार्यक्रम में कन्या संरक्षण-संवर्धन, महिला सशक्तिकरण, धर्म रक्षा, समाजसेवा, चिकित्सा और संगीत के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले लोगों को भी सम्मानित किया गया। सायंकाल 546 कमलों से विशेष पूजन और यमुना महारानी की आराधना के साथ भव्य महाआरती का आयोजन हुआ। दीपों की दिव्य आभा और वैदिक मंत्रोच्चार से पूरा परिसर भक्तिमय हो उठा। इसके बाद रसिक वैष्णवाचार्य विष्णु बावरा की भजन संध्या में श्रद्धालु देर रात तक भक्ति रस में डूबे रहे।

## सड़क समस्या को लेकर ग्रामीणों ने डीएम से लगाई गुहार

**यूनिक समय, मथुरा।** महावन तहसील क्षेत्र के गांव औगान के ग्रामीणों ने सड़क की समस्या को लेकर डीएम को प्रार्थना पत्र देकर समाधान की मांग की है। ग्रामीणों ने पत्र में बताया कि वे कई वर्षों से गांव की जर्जर सड़क की समस्या को लेकर अधिकारियों के चक्कर लगा रहे हैं, लेकिन अब तक उनकी सुनवाई नहीं हुई है।

ग्रामीणों का कहना है कि हर बार समस्या के शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया जाता है, लेकिन आज तक सड़क की स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ। ग्रामीणों ने बताया कि सड़क खराब होने के कारण आवागमन में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बारिश के समय स्थिति और अधिक खराब हो जाती है तथा ग्रामीणों को आने–जाने में दिक्कत होती है। ग्रामीणों ने डीएम से सड़क की समस्या का जल्द समाधान कराने की मांग की है।

# पेरियार की जयंती पर सामाजिक न्याय का संकल्प




समाज सुधारक ई. रामास्वामी पेरियार को पुष्पांजलि अर्पित करते अनुयाई।

**यूनिक समय, मथुरा।** अखिल भारतीय समता फाउंडेशन की ओर से समाज सुधारक ई. रामास्वामी पेरियार की 147 वीं जयंती पर कृष्णानगर स्थित बिजलीघर कैंप कार्यालय में पुष्पांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व राज गब्बर नेताजी ने किया।

बाबा साहब आंबेडकर वाहिनी, समाजवादी पार्टी के निवर्तमान अध्यक्ष रमेश सैनी ने कहा कि पेरियार ने जीवनभर सामाजिक कुरीतियों, आडंबर, अंधविश्वास, नशाखोरी और जातिवाद के खिलाफ जनजागरण चलाया। उन्होंने सामाजिक बराबरी और मानवीय मूल्यों के लिए संघर्ष किया। समता फाउंडेशन के अध्यक्ष लुकेश कुमार राही ने कहा कि पेरियार के विचार और मानव कल्याण के लिए चलाए गए आंदोलन आज भी प्रासंगिक हैं। इस दौरान उपस्थित लोगों ने उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में सूरजभान चौधरी, सत्यपाल चौधरी, सौदान सिंह, सुनील यादव, आकाश बाबू और सरदार सिंह आदि मौजूद रहे।

# आईएसबीटी खाली, हाईवे पर दौड़ रहीं रोडवेज बसें

**यूनिक समय, मथुरा।** शहर को जाम से राहत दिलाने और यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने के उद्देश्य से नेशनल हाईवे स्थित जयसिंहपुरा में करोड़ों रुपये की लागत से तैयार आईएसबीटी बस अड्डा अभी अपनी पूरी क्षमता से संचालित नहीं हो पा रहा है। अधिकांश रोडवेज बसें बस अड्डे में आने के बजाय सीधे हाईवे से होकर गुजर रही हैं। इससे यात्रियों को अपेक्षित सुविधा नहीं मिल रही और शहर के यातायात दबाव को कम करने का उद्देश्य भी पूरी तरह हासिल नहीं हो सका है।



जयसिंहपुरा आईएसबीटी तैयार होने के समय उम्मीद थी कि शहर के भीतर आने वाली रोडवेज बसों को यहां से संचालित किया जाएगा। इससे होली गेट, भूतेश्वर, कृष्णानगर समेत प्रमुख मार्गों पर बसों की आवाजाही कम होने और जाम से राहत मिलने की संभावना थी, लेकिन वर्तमान में सीमित संख्या में ही बसें आईएसबीटी पहुंच रही हैं।

फिलहाल मथुरा–दिल्ली मार्ग की कुछ रोडवेज बसें जयसिंहपुरा बस अड्डे से संचालित हो रही हैं। अन्य प्रमुख मार्गों की बसों का संचालन अभी पूरी तरह यहां से शुरू नहीं हुआ है। इससे बस अड्डे का पूरा उपयोग नहीं हो पा रहा है। एआरएम विवेक अहिरवार ने बताया कि राधाष्टमी के बाद जयसिंहपुरा आईएसबीटी से जयपुर के लिए रोडवेज बस सेवा शुरू करने की तैयारी है। इसके बाद अन्य प्रमुख शहरों के लिए भी बसों का संचालन बढ़ाने की योजना है। इससे आईएसबीटी का उपयोग बढ़ने के साथ यात्रियों को भी बेहतर परिवहन सुविधा मिलने की उम्मीद है।

### डबल पट्टी नहीं होने से अटका संचालन

आरएम वीपी अग्रवाल ने बताया कि आईएसबीटी पर डबल पट्टी नहीं होने के कारण बसों का संचालन पूरी क्षमता से शुरू नहीं किया जा सका है। इसके लिए अतिरिक्त जमीन खरीदी गई है। जमीन पर पेड़ होने के कारण उन्हें हटाने के लिए दिल्ली स्तर से अनुमति मांगी गई है। अनुमति मिलने के बाद निर्माण कार्य कराया जाएगा। इसके बाद बसों के संचालन में सुविधा बढ़ेगी।

# जमीन के सौदे में 11 लाख की ठगी का आरोप, छह पर मुकदमा

## पांच एकड़ जमीन दिलाने का दावा कर रकम लेने का आरोप

## रजिस्ट्री मांगने पर टालमटोल, पुलिस ने शुरू की जांच

**यूनिक समय, बरसाना।** थाना क्षेत्र में जमीन दिलाने के नाम पर 11 लाख रुपये की कथित ठगी का मामला सामने आया है। हरियाणा के धतिर निवासी रमेशचंद की शिकायत पर पुलिस ने छह लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पीड़ित की मुलाकात जमीन के कारोबार के सिलसिले में नंदगांव निवासी हरगुलाल से हुई थी। आरोप है कि हरगुलाल ने अपने साथियों के साथ मिलकर खिटावटा, रूठरी और कादौना गांवों में करीब पांच एकड़ जमीन दिलाने का भरोसा दिया। इसके बाद जमीन का सौदा अलग–अलग दरों पर तय किए जाने की बात कही गई। इसके बाद 20 अप्रैल को बिरजू के खाते में 90 हजार रुपये भेजे गए। अगले दिन 4.10 लाख रुपये और दिए गए। आरोप है कि 22 अप्रैल को फरीदाबाद ले जाकर छह लाख रुपये नकद और चेक के माध्यम से दिए गए।

बाद में रजिस्ट्री कराने की बात आई तो कथित तौर पर टालमटोल शुरू हो गई। जमीन के दस्तावेजों की जानकारी लेने पर मामला संदिग्ध होने का आरोप लगाया गया। रकम वापस मांगने पर 70 हजार रुपये लौटाए गए, जबकि शेष रकम नहीं दी गई। पीड़ित ने गाली–गलौज और जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप लगाया है। पुलिस ने हरगुलाल, राकेश, धनेश, नीलम, दलवीर और बिरजू के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर साक्ष्यों और लेनदेन की जांच शुरू कर दी है।




# छाता के बिहारी जी मंदिर में चोरी, 65 हजार रुपये पार

## संदूक के टूटे मिले ताले सामान बिखरा पड़ा मिला पुलिस ने शुरू की जांच

**यूनिक समय, छाता।** कस्बे के प्रसिद्ध बिहारी जी मंदिर में बुधवार रात अज्ञात चोरों ने चोरी की वारदात को अंजाम दे दिया। चोर मंदिर के महंत की संदूक का ताला तोड़कर उसमें रखे करीब 65 हजार रुपये की नकदी ले गए। सुबह मंदिर पहुंचने पर ताले टूटे और सामान बिखरा मिला तो घटना की जानकारी हुई।

बताया गया कि रात में मंदिर बंद होने के बाद चोरों ने परिसर को निशाना बनाया। मंदिर के महंत की संदूक को तोड़कर उसमें रखी नकदी निकाल ली गई। सुबह मंदिर खुलने पर संदूक के टूटे ताले और सामान अस्त–व्यस्त देखकर चोरी का पता चला। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जानकारी ली। पुलिस ने मंदिर परिसर और आसपास के क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच शुरू कर दी है। आसपास के लोगों से भी पूछताछ की जा रही है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही चोरों की पहचान कर घटना का खुलासा करने का प्रयास किया जा रहा है।

# नंगला गुखरौली में चकरोड विवाद का आपसी सहमति से समाधान



विवाद का समाधान होने के बाद मौके पर मौजूद राजस्वकर्मी आदि।

**यूनिक समय, महावन।** एसडीएम के नेतृत्व में तहसीलदार की राजस्व टीम ने ग्राम नंगला गुखरौली में चकरोड को लेकर चल रहे विवाद का मौके पर आपसी सहमति से समाधान करा दिया।

प्रकरण में चकरोड के निर्धारित मार्ग में मंदिर का स्थान आने के कारण रास्ते को लेकर विवाद की स्थिति हो गई थी। राजस्व टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर स्थल का निरीक्षण किया गया, संबंधित पक्षों से वार्ता कर विवाद के समाधान का प्रयास किया गया। इस दौरान फौजी शीतर सिंह ने सामाजिक सद्भाव-धार्मिक भावना का सम्मान करते हुए बड़ा दिल दिखाया गया। उन्होंने मंदिर को क्षति पहुंचाए बिना अपनी निजी भूमि में से चकरोड के लिए स्थान देने की सहमति प्रदान की, जिससे मंदिर को सुरक्षित रखते हुए चकरोड का रास्ता निकाला जा सका।

वहीं, पारिवारिक विवाद को लेकर धर्मवीर द्वारा अपने चाचा चित्तर सिंह से अपनी गलती के लिए क्षमा मांगते हुए आपसी मतभेद समाप्त करने की पहल की गई। दोनों पक्षों ने आपसी सहमति से विवाद समाप्त कर सौहार्दपूर्ण वातावरण कायम रखने पर सहमति जताई। राजस्व टीम ने मौके पर कार्रवाई करते हुए मंदिर को छोड़कर चकरोड का रास्ता निकलवा दिया गया, जिससे लंबे समय से चले आ रहे विवाद का समाधान हो गया। मौके पर उपस्थित ग्रामीणों ने राजस्व विभाग की इस पहल की सराहना की।

# यमुना एक्सप्रेस वे पर बाइक खड़ी एम्बुलेंस से टकराई

## बाइक सवार हुआ घायल



**यूनिक समय, सुरीर।** यमुना एक्सप्रेस-वे पर गुरुवार को सड़क किनारे खड़ी एंबुलेंस में पीछे से आ रही बाइक ने टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार युवक घायल हो गया।

जानकारी के अनुसार, यमुना एक्सप्रेस-वे पर दोपहर में एक एंबुलेंस सड़क किनारे खड़ी थी। एंबुलेंस चालक दीपक निवासी टूंडला, फिरोजाबाद, आगरा से नोएडा की ओर जा रहे था। इसी दौरान पीछे से आ रही बाइक ने खड़ी एंबुलेंस में टक्कर मार दी। दुर्घटना में बाइक सवार आकाश निवासी नगला हारी,थाना राया घायल हो गया। आकाश के दाहिने हाथ में फ्रेक्चर हो गया, साथ ही पैर में में चोट आई है। मौके पर चौकी इंचार्ज हरेंद्र सिंह तोमर, देवेंद्र कुमार ने घायल आकाश को उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया। पुलिस ने दोनों वाहनों को सड़क से हटवाकर किनारे खड़ा करा दिया, जिसके बाद यातायात व्यवस्था सुचारू हो गई।

# ट्रक की टक्कर से कार क्षतिग्रस्त युवक गंभीर रूप से घायल

**यूनिक समय, छाता।** कस्बा के शेरगढ़ तिराहा पर बुधवार को तेज रफ्तार से चलाए जा रहे ट्रक ने कार में टक्कर मार दी। हादसे में कार सवार युवक गंभीर घायल हो गया, जबकि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। मामले में पुलिस ने अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मनीष गुप्ता निवासी फ्लैट नंबर 1008 एमजीएमई, घरौदा राजनगर एक्सटेंशन गाजियाबाद ने बताया कि वह 16 सितंबर को अपनी मारुति कार से अपने दोस्त उदित शर्मा निवासी वसंत विहार, थाना पालम, जिला दक्षिण-पश्चिमी दिल्ली के साथ दिल्ली से वृंदावन जा रहे थे। शेरगढ़ तिराहा पर करीब 10:45 बजे विपरीत दिशा से आ रहे ट्रक के अज्ञात चालक ने तेजी से वाहन चलाते हुए उनकी कार में टक्कर मार दी। हादसे में उदित शर्मा के बाएं हाथ में फ्रैक्चर सहित सीने और शरीर में गंभीर चोटें आईं। घायल को शंकर अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद दिल्ली रेफर कर दिया गया।

## मारपीट और धमकी देने के आरोप में दो पर मुकदमा

**यूनिक समय, गोवर्धन।** थाना क्षेत्र में मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पुलिस ने गोविंदा निवासी डीग अड्डा की तहरीर पर जय और सीताराम निवासी जतीपुरा के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। घटना 22 अगस्त की रात करीब 10:30 बजे छोटी परिक्रमा के प्रारंभ पर स्थित चाय की दुकान पर हुई। गोविंदा ने बताया कि दोनों आरोपी हाथों में डंडा, लोहे के कटीले तार और लोहे की रॉड लेकर वहां पहुंचे और उसके साथ मारपीट की। आरोपियों ने कथित तौर पर धमकी देते हुए कहा कि दुकान बंद कर यहां से चले जाओ, वरना जान से मार देंगे।

## खेत पर खड़ी मोटरसाइकिल चोरी

**यूनिक समय, गोवर्धन।** थाना क्षेत्र में खेत पर खड़ी मोटरसाइकिल चोरी होने का मामला सामने आया है। संतोष कुमार निवासी नगला देविया मगोर्रा ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह 30 जून को करीब 12:30 बजे अपने भतीजे रामेश्वर की मोटरसाइकिल लेकर खेत पर गया था। दूसरा भतीजा लक्ष्मीकांत मोटरसाइकिल के पास बैठा था। तभी गोवर्धन की तरफ से एक अज्ञात स्विफ्ट डिजायर कार आई। कार से एक व्यक्ति उतरकर भतीजे से बातचीत करने लगा, जबकि दूसरा व्यक्ति खड़ी मोटरसाइकिल लेकर फरार हो गया। घटना की सूचना तत्काल 112 पर दी गई, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची। सूचना देने के बावजूद कार्रवाई नहीं की।

## सड़क हादसे में बाइक सवार गंभीर घायल

**यूनिक समय, मथुरा।** हाईवे थाना क्षेत्र में गोवर्धन रोड पर ग्राम दतिया के पास तेज रफ्तार और लापरवाही से बाइक चलाने के कारण हुए हादसे में एक व्यक्ति गंभीर घायल हो गया। रजत गौर निवासी गोवर्धन ने बताया कि नौ सितंबर को दोपहर करीब दो बजे उनके पिता सुरेन्द्रपाल सिंह मोटरसाइकिल से मथुरा से अपने घर लौट रहे थे। गोवर्धन रोड पर ग्राम दतिया के पास उन्होंने लघुशंका के लिए मोटरसाइकिल सड़क किनारे रोकी थी। इसी दौरान सामने से आ रही मोटरसाइकिल के चालक ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए अचानक यू–टर्न लिया और उनकी मोटरसाइकिल में टक्कर मार दी। हादसे में सुरेन्द्रपाल सिंह गंभीर घायल हो गए और मोटरसाइकिल भी क्षतिग्रस्त हो गई।

## गोवर्धन यात्रा के दौरान महिला लापता

**यूनिक समय, गोवर्धन।** गोवर्धन यात्रा के दौरान एक महिला अचानक लापता हो गई। परिजनों ने थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई है। दीपक निवासी ग्राम रामपुरा, ढाणी रानी का पुरा जिला करौली ने थाना में गुमशुदगी दर्ज कराते हुए बताया कि उसकी मौसी हेमलता मीना 47 वर्ष 12 सितंबर को गांव से बस द्वारा गोवर्धन यात्रा के लिए रवाना हुई थीं। वह अन्य श्रद्धालुओं के साथ गोवर्धन पहुंचीं और धर्मशाला में रुकीं। 13 सितंबर को करीब 11:30 बजे सभी यात्री वापस लौटने के लिए बसों में बैठ गए, लेकिन हेमलता अपनी बस में नहीं मिलीं। परिजनों के अनुसार, उनकी आखिरी बार जमुनावता चौराहे पर अड़ींग की तरफ बनी चाय की दुकान के सामने होने की जानकारी मिली।



# बलदेव छठ पर दाऊजी के दरबार में आस्था का सैलाब


बल्देव छठ पर दाऊजी मंदिर उमड़ा जनसैलाब।

## हीरा-जवाहरात से सजे ब्रज के राजा, नफीरी भजनों पर झूमे भक्त जयकारों से गूंजता रहा बलदेव

## ठाकुर दाऊजी महाराज का पंचामृत से हुआ महाभिषेक, छप्पन भोग लगाया




भूतेश्वर स्थित दाऊजी महाराज मंदिर फूल बंगला और छप्पन भोग।

**यूनिक समय, बलदेव।** बलदेव छठ पर शक्रवार को ब्रज के राजा श्री दाऊ जी महाराज के जन्मोत्सव में आस्था का ऐसा सैलाब उमड़ा कि दाऊजी की नगरी सुबह से शाम तक भक्तों से अटी रही। मंदिर की ओर जाने वाले रास्तों पर श्रद्धालुओं की भीड़ और चारों ओर गूंजते जयकारों ने बलदेव को उत्सव के रंग में रंग दिया। दूर-दराज से पहुंचे लाखों श्रद्धालुओं ने दाऊजी महाराज के जन्मोत्सव पर विशेष दर्शन किए।

जन्मोत्सव पर श्री दाऊजी महाराज का पंचामृत स्नान, विशेष अभिषेक और भव्य श्रृंगार किया गया। इसके बाद भगवान को हीरा-जवाहरात से सजाया गया। दाऊजी के इस अलौकिक स्वरूप के दर्शन के लिए भक्तों में खास उत्साह नजर आया। मंदिर परिसर में दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की कतारें लगातार लगी रहीं।

मंदिर में समाज गायन के दौरान सेवायतों ने जन्मोत्सव के पदों का गायन किया। नफीरी की धुन और भजनों पर महिला-पुरुष श्रद्धालु झूमते नजर आए। 'श्री दाऊजी महाराज की जय' और 'रेवती मैया की जय' के जयघोष से मंदिर परिसर गूंजता रहा। नंदोत्सव में नारियल और फल का प्रसाद लुटाया गया।

वहीं 108 वेदपाठी और विद्वानों ने श्री बलभद्र पाठ के साथ विशेष हवन-यज्ञ कराया। मंदिर की भव्य सजावट और धार्मिक अनुष्ठानों ने जन्मोत्सव की छटा और बढ़ा दी। बलदेव में देर शाम तक भक्तों की भीड़ बनी रही।

भूतेश्वर स्थित ठाकुर दाऊजी मंदिर में गुरुवार सुबह साढ़े सात बजे ठाकुर दाऊ जी महाराज का पंचामृत से महाभिषेक हुआ, इत्र सेवा के बाद मंगला आरती हुई। फूल बंगला दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ रही। छप्पन भोग का आयोजन किया गया। आयोजन सच्चिदानंद महाराज ओम बाबा और उनके शिष्य राधेश्याम और शत्रुघ्न की कृपा से मोहनलाल भारद्वाज द्वारा भूतेश्वर दाऊजी मंदिर में कराया गया।

इस दौरान ऋषिकेश से आए सीताराम दास, राघवेंद्र, रमेशचंद्र शर्मा, विपिन शर्मा, मानिक शर्मा, माला गुरु चतुर्वेदी, सोनू पंडित और द्वारिकाधीश से आए शरद नागर मौजूद रहे।

**गोकुल।** बल्देव छठ पर कस्बा में बीच चौक स्थित दाऊजी महाराज के मंदिर पर जन्मोत्सव का आयोजन हुआ।


गोकुल में बलदाऊ का महाभिषेक करते सेवायत।

प्रातः अभिषेक वैदिक मंत्रोचार शंख, घंटा घड़ियाल की मंगल ध्वनि के मध्य मंदिर सेवायत अनंत बिहारी मुखिया, धर्म सलाहकार पंडित अमित भारद्वाज ने किया। भव्य मनोहारी श्रृंगार कर खीर का भोग लगाया गया। मध्यान्ह में बधाई गायन, जन्म महाआरती की गई। भव्य फूल बंगले में दाऊ बाबा विराजित हुए, भक्तों को प्रसाद वितरण किया। उत्सव की व्यवस्था में दिलीप द्विवेदी, सत्यनारायण द्विवेदी, मन्नू शर्मा का सहयोग रहा।

## बड़ी कुंज में मना श्यामशरण देवाचार्य का जन्मोत्सव

**यूनिक समय, वृंदावन।** स्थानीय श्रीजी की बड़ी कुंज रेतिया बाजार में अनंत विभूषित जगतगुरु निंबार्काचार्य पीठाधीश्वर श्यामशरण देवाचार्य का जन्मोत्सव श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ मनाया गया। रसिक समाजी संतों ने माहवाणी के पदों का गायन और आचार्यश्री के बधाई के पदों का गायन कर मनाया। कार्यक्रम के दौरान कुंज परिसर भक्तिमय वातावरण से सराबोर रहा। समाज गायन में ब्रज की पारंपरिक भक्ति संस्कृति और संगीत की मनोहारी छटा देखने को मिली। मंदिर प्रबंधक नारायण शरण ने कहा कि जन्मोत्सव केवल उत्सव नहीं, बल्कि उनके आध्यात्मिक चिंतन, साधना और समाज के प्रति योगदान को स्मरण करने का अवसर हैं। इस अवसर पर फूल बंगला सजाया गया, 56 भोग लगाए गए । इस अवसर पर पुजारी मदन मोहन शरण, भगवत शरण तिवारी ,कुलदीप रिछारिया ,ब्रजकिशोर त्रिपाठी, हर्ष अग्रवाल, धनीराम गौतम, दामोदर शरण ,आनंद बिहारी शरण आदि मौजूद रहे।

उठावनी



स्व. श्री श्याम सुंदर अग्रवाल (शोरा वाले)
अत्यन्त दुःख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि हमारे पूज्य पिताजी श्री श्याम सुंदर अग्रवाल जी (शोरा वाले) का गोलोकवास दिनांक 16.09.2026 को हो गया है। उठावनी (आज) दिनांक 18.09.2026 दिन शुक्रवार को महिलाओं एवं पुरुषों की दोपहर 3 से 4 बजे तक चित्रकूट मसानी, मथुरा पर होगी।
-: शोकाकुल :-
संजय अग्रवाल-मधु अग्रवाल
संदीप अग्रवाल-डिंपल अग्रवाल (पुत्र-पुत्रवधु)
शुभम, सारांश, चिराग (पौत्र) वैभव-नंदिनी (पौत्र-पौत्रवधू)
निशु-राहुल (पौत्री-पौत्रीदामाद)सुनीता (पुत्री)
सरिता-रोहित (पुत्री-दामाद)
राधिका-गौरव, अक्षिता-अंकित (धेवती-धेवतीदामाद)
कार्तिक-कनिका (धेवता-धेवतावधू) पुष्पा गोयल (बहन)
एवं समस्त गंगोलीमल गजानंद परिवार ।
-:फर्म:-
★ S.M. पायल, क्लासिक रेस्टोरेन्ट, होटल बेबीलोन रीजेन्सी
मो. 9412801337, 9359404256
ससुराल पक्ष- अमित अग्रवाल, विकास अग्रवाल
फर्म:- हिंदुस्तानी दवाखाना, बृजेश्वरी होंडा, माधव मोटर्स


स्व० श्रीमती बीना देवी अग्रवाल

उठावनी
अत्यन्त दुःख के साथ सूचित करना पड रहा है कि मेरी धर्मपत्नी श्रीमती बीना देवी अग्रवाल का आकस्मिक निधन दिनांक 16.09.26 को हो गया है। जिनकी उठावनी आज दिनांक 18.09.26 दिन शुक्रवार को महिला एवं पुरुषों की दोपहर 3 से 4 बजे तक रामलीला मैदान कृष्णा नगर, मथुरा पर होगी।
-:शोकाकुलः-
किशन लाल बर्तन वाले (पति) कन्हैया लाल-सीता देवी, मोहल लाल-संतोष देवी (जेष्ठ-जिठानी) गौरव-रितु, सौरव-राखी, मोनेश-शालीनी (पुत्र-पुत्रवधु)
प्रतिष्ठानः- • कृष्णा बर्तन भण्डार • अम्बे ज्वैलर्स
• दीपक बर्तन भण्डार • बांके बर्तन भण्डार
• पारस बर्तन भण्डार • कन्हैया लाल प्रवीन कुमार सर्राफ
मायका पक्षः- राकेश कुमार, जितेन्द्र कुमार (जयपुर)


# अहंकार नहीं, विनम्रता ही मनुष्य का वास्तविक आभूषण : आचार्य सूरत्न


गुरुवार को जैन मंदिर चौरासी में विधान करते श्रावक।

**यूनिक समय, मथुरा।** दशलक्षण महापर्व के दूसरे दिन गुरुवार को श्री जैन मंदिर चौरासी में आचार्य सूरत्न सागराचार्य के सानिध्य में आयोजित धर्मसभा में उत्तम मार्दव धर्म की महिमा का भावपूर्ण विवेचन किया गया। धर्मप्रेमी श्रद्धालुओं ने उपस्थित होकर धर्मलाभ प्राप्त किया।

धर्मसभा में आचार्य ने कहा कि मनुष्य को अपने रूप, सौंदर्य, धन, पद, वाहन, मकान अथवा परिवार पर अहंकार नहीं करना चाहिए। जिस शरीर, वैभव और संबंधों को मनुष्य अपना समझकर अहंकार करता है, वे सभी नश्वर हैं। समय के साथ रूप-सौंदर्य ढल जाता है, धन-संपत्ति छूट जाती है और एक समय ऐसा आता है जब परिवार-सांसारिक संबंध भी साथ नहीं रहते। ऐसे में अहंकार किस बात का। उत्तम मार्दव धर्म हमें मान-सम्मान, अभिमान और अहंकार का त्याग कर सरलता, विनय और आत्मचिंतन के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। बाहर से पधारी संगीतकार टीम ने भजन, नृत्य और भक्तिमय प्रस्तुतियों से वातावरण को आध्यात्मिक बना दिया। पूरा मंदिर परिसर भक्तिभाव और धर्ममय वातावरण से गूंज उठा। धर्मसभा में सेठ विजय कुमार, राहुल जैन, वींरेंद्र, राजू जैन, जय प्रकाश, प्रमोद, संजीव, अजय, मनीष, योगेश, रीना, बबीता, सुषमा, विद्या, मनीषा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# बरसाना में सजने लगा मंडप, उमड़ने लगा भक्तों का सैलाब


राधारानी मंदिर में मौजूद सखियां।


राधाष्टमी पर्व को लेकर सजाया गया कस्बा का चौराहा।

**यूनिक समय, बरसाना।** राधारानी की नगरी में राधाष्टमी पर्व से जुड़े धार्मिक उत्सव को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। मंदिर परिसर से लेकर प्रमुख मार्गों तक उत्सव का रंग दिखाई देने लगा है। आयोजन स्थल पर मंडप सजाया जा रहा है और दूर-दराज से श्रद्धालुओं का पहुंचना भी शुरू हो गया है। भक्तों की बढ़ती संख्या से बरसाना की गलियों और बाजारों में चहल-पहल बढ़ गई है। मंदिर परिसर को आकर्षक ढंग से सजाने के साथ ही श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए व्यवस्थाएं की जा रही हैं। मंडप में धार्मिक अनुष्ठान और दर्शन संबंधी कार्यक्रमों को लेकर तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच रही हैं। रंग-बिरंगी सजावट और रोशनी से आयोजन स्थल को भव्य स्वरूप दिया जा रहा है।

उत्सव से पहले ही राजस्थान, हरियाणा, दिल्ली, मध्य प्रदेश सहित आसपास के क्षेत्रों से श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया है। श्रद्धालु राधारानी के दर्शन कर बरसाना की प्रमुख धार्मिक स्थलों की परिक्रमा कर रहे हैं। भीड़ बढ़ने के साथ ही स्थानीय दुकानदारों और कारोबारियों के चेहरे भी खिल उठे हैं। प्रसाद, पूजा सामग्री, पोशाक और खानपान की दुकानों पर रौनक बढ़ गई है। प्रशासन और मंदिर प्रबंधन की ओर से भी श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा को लेकर व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

## सार्वजनिक सूचना

मैं रमेश चंद्र शर्मा पुत्र स्व0 श्री रामजीलाल शर्मा निवासी सी-19, सुन्दरवन मथुरा, मेरे विद्युत बिल, पासपोर्ट, तथा कई अन्य अभिलेखों में मेरा नाम भूलवश रमेश चन्द, रमेश चन्द शर्मा गलत अंकित हो गया है। जबकि सही नाम रमेश चंद्र शर्मा (Ramesh Chandra Sharma) है। अब से भविष्य के सभी कामो के लिए मुझे रमेश चंद्र शर्मा (Ramesh Chandra Sharma) के नाम से ही जाना एवं पढ़ा जाए।

यूनिक समय
स्वामी पवन गौतम के लिए राजकुमार गौतम द्वारा दैनिक यूनिक समय, 6 शंकर विहार, कृष्णा नगर मथुरा 281004 से प्रकाशित एवं बालाजी ऑफसेट प्रिंटिंग प्रेस कृष्णा नगर, मथुरा से मुद्रित।
कार्यालयः- यूनिक बिल्डिंग, 289-290 डायबिल नगर, कृष्णा नगर चौक, मथुरा।
संपादक-पवन गौतम
फोन नंबर-0565-3550761
मो. 9837155888
E-mail : uniquesamaynews@gmail.com
website : uniquesamay.com
RNI-UPHIN/2023/85053
DAVP-: 134220
डाक पंजीकृत संख्या मथुरा 071/2026-28
सभी विवादों का न्यायालय स्थान मथुरा होगा।

# 48 घंटे की चुनौती में जीएलए के विद्यार्थियों ने गढ़े नए समाधान



स्मार्ट इंडिया हैकथॉन के दौरान जीएलए विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं के साथ विश्वविद्यालय के पदाधिकारीगण ।

## 443 टीमों ने कराया पंजीकरण, 62 टीमों के 372 विद्यार्थियों ने लगातार 48 घंटे किया नवाचार, विजेता टीमें राष्ट्रीय चरण में बढ़ेंगी

**यूनिक समय, मथुरा।** भारत सरकार की पहल स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन के तहत जीएलए विश्वविद्यालय, मथुरा में आयोजित तीन दिवसीय इंटरनल स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन का समापन हुआ। 'इनोवेशन से आत्मनिर्भर भारत' की भावना के साथ आयोजित प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने वास्तविक जीवन से जुड़ी समस्याओं के तकनीकी और नवाचारी समाधान तैयार कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

हैकाथॉन के लिए विश्वविद्यालय की 443 टीमों ने 135 समस्या वक्तव्यों पर पंजीकरण कराया था। आंतरिक चयन प्रक्रिया के बाद 62 टीमों का चयन किया गया। इनमें शामिल 372 विद्यार्थियों ने लगातार 48 घंटे तक एक साथ काम करते हुए अपने विचारों को तकनीकी समाधान में बदला। विद्यार्थियों ने समस्या की पहचान से लेकर समाधान तैयार करने और उसके प्रस्तुतीकरण तक विभिन्न चरणों में अपनी तकनीकी दक्षता दिखाई।

प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने सरकार और उद्योग से जुड़ी वास्तविक समस्याओं को ध्यान में रखते हुए ऐसे समाधान विकसित किए, जिनके व्यावहारिक इस्तेमाल की संभावनाएं बताई गईं। आयोजन के दौरान तकनीकी दक्षता के साथ रचनात्मकता, टीमवर्क, नवाचार और समस्या समाधान क्षमता की भी परीक्षा हुई।

प्रोजेक्ट्स के मूल्यांकन के लिए उद्योग जगत के विशेषज्ञ और अनुभवी निर्णायक शामिल हुए। निर्णायक मंडल में वेयर यू एलेवटे के सीईओ संतोष कुमार, एक्सेंचर के एआई लीड सत्यम, एपीएन इंफोटेक के सीईओ अनिल कुमार और वेयर यू एलेवटे की लीड लिपका शामिल रहीं। विशेषज्ञों ने तकनीकी व्यवहार्यता, नवाचार, प्रभाव, प्रस्तुतीकरण और समस्या समाधान क्षमता के आधार पर टीमों का मूल्यांकन किया। सॉफ्टवेयर श्रेणी में एकत्र ने प्रथम, आरंभ ने द्वितीय और द टेक्निकल गिल्ड ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। हार्डवेयर श्रेणी में ब्रोककोडर्स प्रथम और वाइब कोडर्ज द्वितीय रहे। हैकाथॉन ने विद्यार्थियों को विशेषज्ञों के सामने अपने प्रोजेक्ट प्रस्तुत करने और अपने विचारों का प्रभावी ढंग से पक्ष रखने का व्यावहारिक अनुभव भी दिया। आयोजन से विश्वविद्यालय के नवाचार, उद्यमिता और स्टार्टअप वातावरण को बढ़ावा मिलने की बात कही गई।

समापन अवसर पर आईईटी डीन प्रो. अशोक भंसाली ने प्रतिभागी विद्यार्थियों और विजेता टीमों को बधाई दी। डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ. हिमांशु शर्मा ने कहा कि युवा प्रतिभा, तकनीक और नवाचार का समन्वय आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। इंटरनल हैकाथॉन में चयनित विजेता टीमों के साथ अन्य 40 टीमें भी स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन की अगली प्रक्रिया में आगे बढ़ेंगी और राष्ट्रीय स्तर पर अपनी नवाचारी क्षमता प्रदर्शित करेंगी।

# बीएसए इंजीनियरिंग कॉलेज में मनी विश्वकर्मा जयंती



भगवान विश्वकर्मा का पूजन करते चेयरमैन इं नितिन मित्तल और अन्य।

**यूनिक समय, मथुरा।** बीएसए कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टैक्नोलॉजी में मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग द्वारा भगवान विश्वकर्मा के जन्मोत्सव वैदिक मंत्रोच्चार से पूजा-अर्चना कर मनाया गया। पूजन के बाद सभी मशीनों और उपकरणों की पूजा की गई।

संस्थान के चेयरमैन इं नितिन मित्तल ने कहा कि मशीन और यंत्रों का समुचित उपयोग कर समाज के उत्थान में अपना योगदान दें। छात्रों को अपनी विद्वता से पारंगत करने में सत्त रूप से प्रयासरत रहनी चाहिए। उन्होने कहा कि भगवान विश्वकर्मा श्रष्टि के प्रथम इंजीनियर थे, जिन्होने प्राचीनकाल में अनेक उत्कृष्ट शिल्पकला को मूर्त रूप दिया।

इस अवसर पर कालेज के वाइस चेयरमैन विशाल बंसल, निदेशक प्रो. श्याम सुन्दर अग्रवाल,लोकेन्द्र शर्मा, भगवान सिंह, रजिस्ट्रार आशुतोष दुबे, मैकनिकल विभागाध्यक्ष वरूण छावड़ा और सभी विभागाध्यक्ष, शिक्षक, छात्र–छात्राएं उपस्थित रहे।

# स्कूलों में नई शिक्षा नीति लागू कराने के लिए जनप्रतिनिधि करें पहल: प्रभाकांत



पुरस्कृत प्रतिभागियों के साथ आयोजक आदि।

**यूनिक समय, मथुरा।** हिंदी दिवस पर कोमल पंखुड़ियां बेटी समृद्धि समिति और सरस्वती पुस्तकालय सदर बाजार के संयुक्त तत्वावधान में हिन्दी पखवाड़े के अंतर्गत निबंध प्रतियोगिता-संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

अध्यक्षता करते हुए साहित्यकार प्रभाकांत सक्सेना ने कहा कि जनपद के परिषदीय, स्ववित्तपोषित, अर्द्धवित्तपोषित, सीबीएसई और आईसीएसई से मान्यता प्राप्त अनेक विद्यालयों में नई शिक्षा नीति–2020 को पूरी तरह लागू नहीं किया है। एकजुट होकर अपने क्षेत्र के पार्षद, विधायक और सांसद को ज्ञापन देना चाहिए। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों ने मां शारदे के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित और माल्यार्पण कर किया। शिक्षिका आशा पंकज गोला ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। दिव्या सक्सेना ने कोमल पंखुड़ियां बेटी समृद्धि समिति के उद्देश्यों और अब तक किए गए कार्यों की जानकारी दी।

इस मौके पर शिव प्रताप सिंह चौहान, दलवीर शर्मा, विनय कुमार शर्मा, डॉ.शबनम कुरैशी, एलिस कुरैशी, उमा वर्मा, प्रीती प्रजापति, कामिनी कन्नौजिया,पंकज गोला, समीक्षा पारीक, स्तुति दास, नीरू अग्रवाल, रेखा, ममता खत्री, सीमा कुरैशी, दिव्या सक्सेना, पूनम चौहान, वंदना, गौरी कश्यप आदि मौजूद रहे।

# सूफियाना शाम में गूंजे सुर तालियों से गूंजा सभागार



जेसीआई मथुरा कालिंदी के कार्यक्रम में मौजूद पदाधिकारी।

**यूनिक समय, मथुरा।** जेसीआई मथुरा कालिंदी की ओर से जेसी सप्ताह के तहत सूफियाना शाम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मीर ब्रदर्स की सूफियाना प्रस्तुतियों ने समां बांध दिया। उनकी प्रस्तुति पर पूरा सभागार तालियों से गूंज उठा। संचालन जेसी राजन मालपानी ने किया।

अध्यक्ष जेसी चेतना बंसल ने जेसी सप्ताह के दौरान किए गए विभिन्न प्रकल्पों की रिपोर्ट प्रस्तुत की और पूर्व अध्यक्षों एवं सदस्यों का आभार जताया। सदस्यों ने हाउजी खेल का भी आनंद लिया।

जेसी लॉर्ड्स ने पूरे उत्साह के साथ कार्यक्रम में सहभागिता की। इस अवसर पर कोषाध्यक्ष रूपाली गर्ग सहित रश्मि शोरावाला, मनीषा जैन, अनीता चौधरी, अल्का अग्रवाल, निधि शर्मा, मीना अग्रवाल, साधना सरीन, गुंजन, अर्चना, शैली शाह और प्रीति माथुर समेत बड़ी संख्या में सदस्य मौजूद रहे। कार्यक्रम का समापन रात्रिभोज के साथ हुआ।

# चारधाम मंदिर में बिछड़े बच्चे को पुलिस ने परिजनों को सौंपा

**यूनिक समय, मथुरा।** जैंत पुलिस ने चारधाम मंदिर में परिवार से बिछड़े दो साल के बच्चे को सकुशल बरामद करने के बाद परिवार को सौंप दिया।

पुलिस के अनुसार, गांव आझई खुर्द निवासी राजवीर सिंह का परिवार दर्शन करने के चारधाम मंदिर में परिवार के साथ गया था। वहां भीड़ में उसका दो साल का बेटा परिवार से बिछुड़ गया। इस बारे में पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस की मिशन शक्ति टीम ने मंदिर पहुंचकर बच्चे को तलाश किया। बच्चा छोटा होने के कारण कुछ बोल नहीं पा रहा था। पुलिस ने ग्राम प्रधानों सहित अन्य लोगों को इस बारे में बताया। जानकारी पर पुलिस को बच्चे के पिता राजवीर के बारे में पता लगा। राजवीर ने थाने आकर बच्चे को सकुशल देखा। पुलिस ने बच्चे को परिवार को सौंप दिया। बच्चे को पाकर परिवार ने पुलिस की प्रशंसा की।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75 वें जन्मदिवस पर समृद्धि ज्वैलर्स पर आतिशबाजी कर खुशियां मनाते लोकेश गर्ग एवं अन्य।

# चांदी के कमल और शेषनाग पर विराजेंगे गिरिराज प्रभु



आमंत्रण पत्रिका का विमोचन करते संस्थापक मुरारी अग्रवाल, साथ है अन्य पदाधिकारी।

## सोना-चांदी और नवरत्नों से होगा श्रृंगार, 25 सितंबर को गिरिराज तलहटी में सजेगा अलौकिक छप्पन भोग

**यूनिक समय, मथुरा।** अनंत चतुर्दशी पर 25 सितंबर को गोवर्धन की बड़ी आन्यौर परिक्रमा मार्ग स्थित गिरिराज तलहटी में होने वाले अलौकिक छप्पन भोग महोत्सव की तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच गई हैं। श्रीकृष्ण सभागार में आयोजित कार्यक्रम में गिरिराज सेवा समिति की ओर से छप्पन भोग की आमंत्रण पत्रिका का भव्य लोकार्पण किया गया। समिति संस्थापक मुरारी अग्रवाल और महामंत्री अशोक कुमार आढ़ती ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

इस बार छप्पन भोग में गिरिराज प्रभु चांदी और सोने से बने कमल पुष्प पर शेषनाग के साथ विराजमान होकर भक्तों को दर्शन देंगे। प्रभु का श्रृंगार सोना, चांदी, हीरा, मोती, नीलम, पुखराज, पन्ना, माणिक और मूंगा सहित नवरत्नों से किया जाएगा। वैष्णव संप्रदाय के पंडित शरद मुखिया श्रृंगार कराएंगे। पंचरत्नम महाभिषेक सात नदियों के पवित्र जल, कामधेनु के दूध और दुर्लभ जड़ी–बूटियों से होगा।

मुख्य संयोजक राघवेन्द्र गर्ग ने बताया कि गिरिराज तलहटी को देसी कुंद और विदेशी फूलों से सजाया जाएगा। 24 सितंबर शाम सात बजे से स्वामी हरिदास संगीत समारोह होगा, जिसमें प्रसिद्ध संतूर वादक समेत विभिन्न राज्यों के कलाकार प्रस्तुति देंगे। 25 सितंबर को शुद्ध देशी घी से वैष्णव विधि से तैयार 56 भोग अर्पित होंगे। श्रद्धालुओं के लिए दर्शन शाम चार बजे से रात 12 बजे तक खुले रहेंगे। लोकार्पण समारोह में संरक्षक राजेन्द्र कुमार सर्राफ रुन्ना, कोषाध्यक्ष भगवान दास खंडेलवाल, संयोजक अनमोल बंसल, दिनेश मंगल, सहसंयोजक नितिन अग्रवाल, सांस्कृतिक कार्यक्रम संयोजक कृष्ण कुमार कन्नू, दिनेश सादाबाद, हरीश अग्रवाल गिलट वाले, विनय अग्रवाल अंगूठी वाले, सुनील बंसल, महावीर अग्रवाल निवाड़ वाले, राकेश गर्ग आढ़ती, पंकज जौहरी, दीपक बाटी, महेश मानसरोवर, दिनेश मार्विल, देवेश सर्राफ, तुषार हाथी वाले, संजय जिंदल, अमित मार्विल, नरेंद्र अग्रवाल और लल्लू सिंह आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम में ब्रज के कलाकारों ने राधा–कृष्ण नृत्य और महारास की प्रस्तुति देकर भक्तों को कृष्णमय कर दिया।

# छाता चीनी मिल को नई जिंदगी 250 करोड़ से एथेनॉल प्लांट

**यूनिक समय, कोसीकलां।** करीब 19 साल से बंद पड़ी छाता चीनी मिल को फिर से रफ्तार देने की तैयारी तेज हो गई है। कैबिनेट मंत्री चौधरी लक्ष्मीनारायण ने गुरुवार को हाईवे स्थित शिवा ढाबा पर पत्रकार वार्ता में बताया कि क्षेत्र में करीब 250 करोड़ रुपये की परियोजना से एथेनॉल प्लांट लगाया जाएगा। कैबिनेट ने 200 करोड़ रुपये से अधिक लागत वाले एथेनॉल संयंत्र को मंजूरी दी है।

मंत्री के अनुसार, प्लांट की सालाना उत्पादन क्षमता 3.96 करोड़ लीटर होगी और यह करीब 11 महीने संचालित होगा। शुरुआत में गन्ने से एथेनॉल बनाया जाएगा।



स्वागत के दौरान लोगों का अभिवादन करते मंत्री चौधरी लक्ष्मी नारायण।

गन्ने की उपलब्धता खत्म होने के बाद मक्का और धान से उत्पादन जारी रखने की योजना है।

चौधरी लक्ष्मीनारायण ने कहा कि इसके बाद इसी परिसर में चीनी मिल और फिर बिजली उत्पादन संयंत्र लगाने की दिशा में काम होगा। उनका कहना था कि इससे किसानों को गन्ने का बेहतर बाजार मिलेगा और युवाओं के लिए रोजगार के अवसर बढ़ेंगे।

उन्होंने कहा कि चुनाव के समय छाता चीनी मिल शुरू कराने का वादा

### 3.96 करोड़ लीटर सालाना उत्पादन, 11 महीने चलेगा संयंत्र चीनी और बिजली उत्पादन की भी तैयारी

किया था और अब उसे पूरा करने की दिशा में कदम बढ़ाया गया है। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष निर्भय पांडेय, चेयरमैन धर्मवीर अग्रवाल, कमल किशोर वार्ष्णेय, नरदेव चौधरी, ऊधम चौधरी, सतीश कुमार वाल्मीकि, सौरभ जैन, दीपक बडगूजर, छाता चेयरमैन, धर्मवीर चौधरी, सभी मंडल अध्यक्ष, प्रधान और हजारों की संख्या में लोग मौजूद रही।

## जन्मदिन की पोटली खुली तो निकला सेब, केला और चंद पैकेट


गुरुवार को प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर जिला अस्पताल में मरीजों को पोटली बांटते बेसिक शिक्षा राज्यमंत्री संदीप सिंह।

**यूनिक समय, मथुरा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75 वें जन्मदिवस पर जिला अस्पताल में मरीजों को बांटी गई खाद्य सामग्री की पोटली ने कुछ देर के लिए मरीजों में उत्सुकता जरूर बढ़ाई। प्रभारी-बेसिक शिक्षा राज्यमंत्री संदीप सिंह ने मरीजों को एक-एक पोटली दी। पोटली देखकर मरीजों को लगा कि इसमें काफी सामान होगा, लेकिन खोलने पर एक सेब, एक केला, पांच रुपये वाला बिस्कुट का पैकेट, पांच रुपये वाली नमकीन का पैकेट और दस रुपये वाली फ्रूटी निकली। राज्यमंत्री ने अस्पताल के वार्डों में पहुंचकर मरीजों को पोटली वितरित की और उनका हालचाल जाना। पोटली मिलने पर कई मरीजों के चेहरों पर मुस्कान दिखाई दी। कुछ मरीज पोटली को देखकर उसके अंदर रखी सामग्री जानने को उत्सुक नजर आए। पोटली खुली तो उसमें फल और कुछ पैकेट देखकर मरीजों ने

### प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिवस पर जिला अस्पताल में मरीजों को बांटी खाद्य सामग्री

इसे अपने अंदाज में लिया। मरीज रोशनलाल ने कहा कि जब मंत्री पोटली बांट रहे थे तो देखकर लगा कि इसमें काफी सामान होगा। पोटली खोलने पर एक सेब, एक केला और कुछ छोटे पैकेट ही मिले। उन्होंने कहा कि पोटली बाहर से देखने में बड़ी लग रही थी, लेकिन अंदर सामग्री कम थी।

वहीं मरीज भगवान सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर अस्पताल में मरीजों को खाने-पीने का सामान दिया गया। पोटली में सामग्री कम थी। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम में मंत्री खुद मरीजों के बीच पहुंचे, यह अच्छी बात है।

## रामलीला संस्थान ने झांकी निर्माताओं के साथ की बैठक

**यूनिक समय, कोसीकलां।** नगर के ऐतिहासिक श्रीराम-भरत मिलाप मेले को भव्य और दिव्य बनाने की तैयारियां तेज हो गई हैं। इसी क्रम में रामलीला संस्थान ने मंगलवार देर शाम को तालाब शाही स्थित राम भवन में महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया।

बैठक में राम बारात, भरत मिलाप मेले में झांकियां निकालने वाले करीब आधा दर्जन झांकी निर्माताओं के साथ मेले को लेकर चर्चा की गई। बैठक के दौरान झांकी निर्माताओं ने अपनी समस्याएं रखीं। निर्माताओं ने बताया कि पिछली कमेटी के कार्यकाल में उन्हें कई परेशानियों का सामना करना पड़ा था। रामलीला संस्थान के पदाधिकारियों ने सभी की समस्याओं को गंभीरता से सुना और उन्हें दूर करने का पूरा आश्वासन दिया।

संस्थान ने कहा कि इस बार मेले में किसी भी झांकी निर्माता को कोई असुविधा नहीं होने दी जाएगी। सभी को पूरा सम्मान और सहयोग दिया जाएगा। संस्थान ने सभी झांकी निर्माताओं से कहा कि इस बार राम बारात, भरत मिलाप मेले में सुंदर-सुंदर, आकर्षक और भव्य झांकियां निकाली जाएं, ताकि भरत मिलाप मेले की शोभा और अधिक बढ़ सके और श्रद्धालुओं को भगवान के दिव्य स्वरूपों के दर्शन हो सकें। बैठक में अध्यक्ष गिर्राज चौधरी, आशीष ठाकुर, वेदप्रकाश शर्मा, मनीष जैन, खगेंद्र सिंह बॉबी ठाकुर सहित रामलीला संस्थान के सभी पदाधिकारी मौजूद रहे।

## कोसी सर्राफा बाजार में लाखों का कारोबार, सुरक्षा सिर्फ पुलिस भरोसे

**यूनिक समय, कोसीकलां।** नगर के सर्राफा बाजार में प्रतिदिन लाखों रुपये का सोना-चांदी का कारोबार होता है, लेकिन सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह से राम भरोसे और पुलिस के भरोसे ही टिकी हुई है। बाजार की किसी भी दुकान के बाहर एक भी निजी सुरक्षा गार्ड तैनात नहीं किया गया है।

करोड़ों की सनसनीखेज चोरी की घटना के बाद जब यूनिक समय की टीम ने बाजार का जायजा लिया तो चौंकाने वाली तस्वीर सामने आई। बाजार की दो दर्जन से अधिक दुकानों में से एक पर भी सुरक्षा गार्ड नहीं मिला। व्यापारी लाखों का माल दुकान में छोड़कर घर चले जाते हैं, सुरक्षा की पूरी जिम्मेदारी पुलिस की गश्त पर छोड़ देते हैं। व्यापारियों का कहना है कि बाजार में पुलिस की गश्त होती रहती है,

### नगर की एक भी दुकान पर सुरक्षा गार्ड नहीं, न पहरेदार

### करोड़ों की चोरी के बाद भी नहीं जागे व्यापारी लापरवाही बरकरार

इसलिए गार्ड की जरूरत महसूस नहीं हुई। वहीं, पुलिस का कहना है कि पुलिस हर जगह हर समय मौजूद नहीं रह सकती। व्यापारियों को भी अपनी सुरक्षा के खुद इंतजाम करने चाहिए। सवाल यह उठता है कि जब एक-एक दुकान में करोड़ों का माल रखा है, तो महज 10-15 हजार रुपये का गार्ड रखने में व्यापारी लापरवाही क्यों बरती जा रही है।

## सेवा संकल्प अभियान में दो एंबुलेंस स्वास्थ्य विभाग को मिलीं


एंबुलेंस को हरी पताका दिखाकर रवाना करते विधायक श्रीकांत शर्मा आदि।

**यूनिक समय, मथुरा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस पर गुरुवार को सेवा संकल्प अभियान के तहत राज्यमंत्री बेसिक शिक्षा संदीप सिंह ने मसानी स्थित बृजवासी ब्लड बैंक में रक्तदान शिविर का शुभारंभ किया। राज्यमंत्री ने अधिकारियों के साथ सेवा संकल्प अभियान की तैयारियों की समीक्षा कर अभियान को सफल बनाने के निर्देश दिए। राज्यमंत्री ने कहा कि 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक चलने वाले सेवा संकल्प अभियान का उद्देश्य जनसेवा और जनकल्याण की भावना को और मजबूत करना है।

डीएम चंद्र प्रकाश सिंह ने बताया कि सेवा दिवस के तहत आशीर्वाद का दीया' थीम पर जिले के विभिन्न घाटों, मंदिरों, चौराहों, प्रमुख मार्गों, पार्कों, विद्यालयों, अस्पतालों, अमृत सरोवरों और अन्य प्रमुख स्थानों पर दीप प्रज्वलन किया जाएगा। इस मौके पर महानगर अध्यक्ष हरिशंकर राजू यादव, सीडीओ डॉ. पूजा गुप्ता, सीएमएस डॉ. नीरज अग्रवाल, डॉ. सिद्धार्थ सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

वहीं, विधायक श्रीकांत शर्मा ने विधायक निधि से 24 लाख 15 हजार रुपये की लागत से स्वास्थ्य विभाग को उपलब्ध कराई गई दो एंबुलेंस को सीएमओ कार्यालय परिसर से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. राधावल्लभ ने बताया कि विधायक द्वारा पूर्व में भी स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने के लिए सहयोग किया गया है।

इस अवसर पर डॉ. वीडी गौतम, डॉ. विकास जैन, डॉ. गोपाल बाबू, डॉ.भूदेव सिंह, डॉ.रोहतास तेवतिया, डॉ. रोहतास मीना, डॉ. अनुज कुमार यादव, संजय सिहोरिया,चंद्रप्रकाश,जितेंद्र सिंह, गौरव कुमार सहित अन्य अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

## झाड़ू लगाते समय जहरीले सांप ने डसा, युवक की मौत

**यूनिक समय, सुरीर।** क्षेत्र के गांव हरनौल में शुक्रवार सुबह घर की सफाई करते समय जहरीले सांप के डसने से 40 वर्षीय ताराचंद की मौत हो गई। हादसे के बाद परिजनों में हड़कंप मच गया। परिजन उन्हें उपचार के लिए अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन हालत बिगड़ने पर जिला अस्पताल रेफर किए जाने के दौरान रास्ते में ही उन्होंने दम तोड़ दिया।

जानकारी के अनुसार, हरनौल निवासी ताराचंद शुक्रवार सुबह अपने कमरे में झाड़ू लगा रहे थे। इसी दौरान कमरे में छिपे बैठे काले सांप ने उनके हाथ में डस लिया। सांप के डसने के बाद ताराचंद दर्द से चिल्लाते हुए कमरे से बाहर आए और परिजनों को घटना की जानकारी दी। परिजन आनन-फानन में उन्हें उपचार के लिए स्थानीय अस्पताल लेकर पहुंचे। उनकी हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने उन्हें जिला अस्पताल मथुरा रेफर कर दिया। बताया गया कि जिला अस्पताल ले जाते समय रास्ते में ही ताराचंद ने दम तोड़ दिया। जिला अस्पताल पहुंचने पर चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतक के भाई बाबूलाल ने बताया कि ताराचंद घर में अकेले रहते थे, उनकी शादी नहीं हुई थी।

## गैलरी तोड़ी,मुकदमा दर्ज

**यूनिक समय, मथुरा।** कृष्ण गोपाल निवासी महादेव गली मंडी रामदास चौक बाजार ने पुलिस को बताया कि उनकी संपत्ति महादेव गली मंडी रामदास में स्थित है, जिसके उत्तरी तरफ सामलाती गैलरी है। आरोप है कि 17 अक्टूबर 2025 को ओमप्रकाश और उसके साथियों ने उक्त गैलरी में बने पुराने पायदान को जबरन तोड़ दिया और बाकी हिस्से को भी तोड़ने का प्रयास किया। संपत्ति को लेकर पूर्व से न्यायालय में वाद राजाबाबू बनाम महावीर आदि विचाराधीन है। आरोप है कि बाद में भी गैलरी को सब्बल और हथौड़े से तोड़ने के प्रयास किए गए।

## विकास कार्यों में भ्रष्टाचार के आरोप, भाहई प्रधान के खिलाफ जांच की मांग

**यूनिक समय, फरह।** भाहई ग्राम पंचायत में विकास कार्यों के नाम पर अनियमितता और सरकारी धन के दुरुपयोग के आरोप लगाए गए हैं। गुरुवार को ग्रामीणों ने बीडीओ को शिकायती पत्र देकर ग्राम प्रधान के कार्यकाल में कराए गए विकास कार्यों की जांच कराने की मांग की है।


ग्राम प्रधान के खिलाफ शिकायत लेकर ब्लाक आए भाहई गांव के ग्रामीण।

शिकायत में ग्रामीण थान सिंह, गजेंद्र, पुष्पराज, कन्हैया, दयाशंकर, रवि, सीताराम, ऋषि, चौहल सिंह, जीतू, मनीष, रवि प्रधान, लोकेन्द्र, मुनेश, राहुल, आकाश, सत्यवीर, रामअवतार, गुल्टू, विष्णु ने आरोप लगाया है कि मनरेगा में फर्जी हाजिरी लगाकर ऐसे कार्यों का भुगतान कराया गया, जो मौके पर पूर्ण नहीं हुए हैं। इसके अलावा आरओ वाटर, स्ट्रीट लाइट और जलापूर्ति से संबंधित कार्यों में भी कथित तौर पर फर्जी तरीके से भुगतान किए जाने का आरोप लगाया गया है। ग्रामीणों का कहना है कि स्कूल में हुए विकास कार्यों की भी निष्पक्ष जांच जरूरी है। आरोप है कि कागजों में कार्य पूर्ण दर्शाकर भुगतान करा दिया गया, जबकि मौके पर काम अधूरा है। इससे सरकारी धन के इस्तेमाल पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

शिकायत में नाली निर्माण और खड़ंजा कार्य में भी गड़बड़ी का आरोप लगाया गया है। ग्रामीणों के अनुसार निर्माण कार्यों में गुणवत्ता की अनदेखी किए जाने से बच्चों और आम लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही गांव के राजकीय स्कूल और खेल मैदान का रास्ता बाधित होने का भी उल्लेख शिकायत में किया गया है। ग्रामीणों ने विकास कार्यों से जुड़े मस्टर रोल, भुगतान अभिलेख, निर्माण की गुणवत्ता और मौके पर हुए कार्यों का भौतिक सत्यापन कराने की मांग की है। उनका कहना है कि जांच निष्पक्ष तरीके से होने पर ही आरोपों की वास्तविकता सामने आ सकेगी। उन्होंने बीडीओ से शिकायत की जांच कर दोषी पाए जाने वालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

### ढाई लाख के डीजल पर सवाल

ग्रामीणों ने प्रधान पर आरोप लगाते हुए कहा कि गांव में ढाई लाख रुपये के डीजल की खपत दर्शाई गई है, जबकि गांव में न तो पंचायत का ट्रैक्टर है और न ही कोई जनरेटर। ऐसे में ग्रामीणों का सवाल है कि इतनी बड़ी मात्रा में डीजल आखिर कहां और किस काम में खर्च हुआ।

## चौमुहां में 11 हजार महिलाओं का सम्मान

**यूनिक समय, चौमुहां।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर सेवा संकल्प अभियान के तहत ब्लॉक परिसर में नारी शक्ति वंदन-बहना सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में महिलाएं पहुंचीं। संयोजक शोभाराम शर्मा ने महिलाओं को साड़ी और मिष्ठान वितरित किए। कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश महामंत्री-मांट विधायक राजेश चौधरी मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने कहा कि सेवा संकल्प अभियान के तहत प्रदेशभर में विभिन्न जनसेवा कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। संयोजक के अनुसार चौमुहां में तीन दिवसीय कार्यक्रम के दौरान करीब 35 हजार महिलाओं को सम्मानित करने का लक्ष्य है। पहले दिन करीब 11 हजार महिलाओं को साड़ियां वितरित की गईं। कार्यक्रम में भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ ग्रामीण महिलाएं और साधु-संत भी मौजूद रहे।

## सुविचार



सच्ची ऊंचाई वही है, जहां पहुंचकर इंसान दूसरों को भी ऊपर उठाए।

## कल का पंचांग

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| तिथि | सप्तमी | 10:48-01:01 तक | पक्ष | कृष्ण पक्ष |
| नक्षत्र | ज्येष्ठा | 07:53-10:44 तक | माह | भाद्रपद |
| सूर्योदय | | 6:06 AM | चन्द्रोदय | 12:47 AM |
| सूर्यास्त | | 6:21 PM | चंद्रास्त | 10:58 PM |
| सूर्य राशि | | सिंह राशि | चंद्र | वृश्चिक राशि |
| शुभ मुहूर्त | | 11:51AM –12:41 PM | ब्रहम् मुहूर्त | 04:30-05:18 |
| त्योहार/व्रत | | | विक्रम संवत् | 2083 |
| राहुकाल | | 10:41 AM: 12:13 PM | वार | शुक्रवार |

## ब्रज के मंदिरों के दर्शन




ब्रज की सभी कथा और श्री राधा कृष्ण की सभी लीलाओं के दर्शन यूनिक समय चैनल के माध्यम से करें।

Youtube Channel : https://youtube.com/uniquesamay

# कृष्ण से साढ़े 11 महीने बड़ी थीं राधा, जन्म के बाद नहीं खोली थीं आंखें

### राधाजी ने कृष्ण को देखकर ही खोली थीं आंखें

### कन्हैया को देखते ही निहारा श्याम सुंदर का रूप

### रावल में हुआ था राधारानी का प्राकट्य

### बरसाना में लाडली जी के नाम से पूजी जाती हैं



**यूनिक समय, मथुरा।** राधा–कृष्ण का प्रेम ब्रज की आस्था और भक्ति का सबसे अनूठा प्रतीक माना जाता है। राधारानी से जुड़ी अनेक कथाएं आज भी श्रद्धालुओं के बीच प्रचलित हैं। ऐसी ही एक मान्यता राधारानी की उम्र और उनके जन्म से जुड़ी है। ब्रज की लोकपरंपरा के अनुसार राधारानी श्रीकृष्ण से करीब साढ़े 11 महीने बड़ी थीं। मान्यता है कि जन्म के बाद उन्होंने अपनी आंखें नहीं खोली थीं और पहली बार श्रीकृष्ण के दर्शन के समय ही नेत्र खोले।

MANNAT GROUP
Building Your Vision, Creating Reality


मान्यता के अनुसार राधारानी का प्राकट्य बरसाना के बजाय रावल गांव में हुआ था। कथा है कि राजा वृषभानु यमुना स्नान के लिए गए थे, जहां उन्हें कमल पुष्प में राधारानी के दर्शन हुए। बाद में वृषभानु और माता कीर्ति उन्हें लेकर बरसाना पहुंचे। इसी कारण बरसाना में राधारानी को लाडली जी के रूप में पूजा जाता है। रावल में आज भी राधारानी का प्राचीन मंदिर श्रद्धालुओं की आस्था का प्रमुख केंद्र है।

पंडित गौरांग शर्मा के अनुसार, लोकमान्यता में राधारानी को श्रीकृष्ण से साढ़े 11 महीने बड़ी बताया गया है। कथा के अनुसार जब गोकुल में श्रीकृष्ण का जन्म हुआ और नंदोत्सव मनाया गया, तब राजा वृषभानु और माता कीर्ति भी राधारानी को साथ लेकर पहुंचे। बालिका राधारानी घुटनों के बल चलते हुए कृष्ण के पालने तक पहुंचीं। जैसे ही उन्होंने श्यामसुंदर के दर्शन किए, उन्होंने पहली बार अपनी आंखें खोलीं।

रावल मंदिर से जुड़ी एक अन्य मान्यता मंदिर की छत पर उगे वृक्ष की भी है।

श्रद्धालु इसे मन्नत का पेड़ मानते हैं। लोग यहां धागा बांधकर मनोकामना करते हैं और पूरी होने पर धागा खोलने की परंपरा निभाते हैं। स्थानीय आस्था में इस वृक्ष को सदियों पुराना और विशेष माना जाता है।

# खाने के बाद सौंफ–मिश्री पाचन को रखती है दुरुस्त



### सौंफ से मिलती है ताजगी पाचन में भी मदद

### मिश्री मीठी जरूर, लेकिन मात्रा जरूरी

**यूनिक समय, मथुरा।** खाना खाने के बाद सौंफ–मिश्री की चुटकी लेना भारतीय खान–पान की पुरानी परंपरा है। इसे आमतौर पर मुंह की दुर्गंध दूर करने और स्वाद बदलने के लिए खाया जाता है। आयुष चिकित्सा अधिकारी डॉ. मोहम्मद इकबाल के मुताबिक, सौंफ में मौजूद प्राकृतिक तेल और कुछ यौगिक भोजन के बाद पाचन तंत्र को सहारा दे सकते हैं। पेट भारी लगने, गैस या पेट फूलने जैसी सामान्य परेशानी में भी थोड़ी सौंफ चबाना कुछ लोगों को राहत दे सकता है।

सौंफ चबाने से मुंह में लार बढ़ती है और इसकी प्राकृतिक खुशबू सांसों में ताजगी देती है। स्वाद बेहतर बनाने के लिए इसमें मिश्री मिलाई जाती है। हालांकि, मिश्री मुख्य रूप से चीनी होती है, इसलिए इसे अधिक मात्रा में खाना उचित नहीं है। खासकर रक्त शर्क रा नियंत्रित रखने वालों को सावधानी बरतनी चाहिए। सौंफ–मिश्री को सीमित मात्रा में लेना बेहतर है।

# व्यूज की चाह में नौ साल के बच्चे ने खर्च किए 1.13 करोड़

### पिता की कंपनी के क्रेडिट कार्ड से चला दिए कई विज्ञापन अभियान

### तीन हफ्ते बाद वित्त टीम ने पकड़ा मामला

### सिर्फ 20 डॉलर से शुरू हुआ था विज्ञापन अभियान




**यूनिक समय, मथुरा।** एक नौ वर्षीय बच्चे ने अपने यूट्यूब चैनल के व्यूज बढ़ाने के चक्कर में कथित तौर पर पिता की कंपनी के  क्रेडिट कार्ड से करीब 1.13 करोड़ रुपये खर्च कर दिए। मामला तब सामने आया, जब कंपनी की वित्त टीम ने पिता को बुलाकर पिछले तीन सप्ताह के कार्ड खर्च का हिसाब दिखाया। बच्चे के पिता डेव के मुताबिक, उन्होंने शुरुआत में बेटे को केवल 20 डॉलर का विज्ञापन अभियान चलाना सिखाया था।

बच्चा 'माइटी माइक प्लेज' नाम से चैनल चलाता है और इसमें माइनक्राफ्ट तथा रोब्लॉक्स के गेमिंग वीडियो डालता है। व्यूज कम आने से परेशान बच्चे ने इसके बाद खुद कई विज्ञापन अभियान शुरू कर दिए। पिता के मुताबिक, उनके गूगल खाते में कंपनी का क्रेडिट कार्ड पहले से जुड़ा हुआ था। बच्चे ने लगातार नए अभियान चलाए और करीब तीन सप्ताह में खर्च बढ़कर 1.13 करोड़ रुपये तक पहुंच गया। कुछ वीडियो को करीब दो लाख व्यूज भी मिले। परिवार ने अब भुगतान विवरण हटाने, खर्च की सीमा तय करने और अभिभावकीय नियंत्रण लगाने की बात कही है।

# साउथ सिल्क साड़ी पहनते ही दिखेगा शाही अंदाज



**यूनिक समय, मथुरा।** साउथ इंडियन सिल्क साड़ियां अपनी चमकदार बॉर्डर, जरी के काम और पारंपरिक डिजाइन के कारण खास मौकों पर महिलाओं की पसंद बनी रहती हैं। कांचीवरम, कसावु और मैसूर सिल्क जैसी साड़ियां शादी, त्योहार और पारिवारिक समारोहों में खूब पहनी जाती हैं। हालांकि, इनका कपड़ा अपेक्षाकृत भारी और सख्त होता है, इसलिए सही ड्रेपिंग जरूरी है।

साड़ी पहनने से पहले वही फुटवियर पहन लें, जिसे समारोह में पहनना है। इससे साड़ी की लंबाई सही रखने में आसानी होगी।

इसके बाद पल्लू वाले हिस्से को व्यवस्थित कर पांच से सात बराबर प्लेट्स बनाएं। प्लेट्स करीब चार से पांच इंच चौड़ी रखें, जिससे साड़ी का बॉर्डर और जरी का काम साफ नजर आए। इन्हें पिन से सुरक्षित कर बाएं कंधे पर सेट करें।

### त्योहार और शादी के लिए पारंपरिक लुक पाने को बनाएं प्लेट्स

### पल्लू और फिटिंग का रखें खास ध्यान

अब साड़ी के ऊपरी हिस्से को अंदर की ओर से दाईं तरफ कमर के पास घुमाकर सामने लाएं। जरूरत हो तो कमर पर छोटी सेफ्टी पिन लगाएं। सामने बचे कपड़े से छह से आठ बराबर प्लेट्स बनाएं और उन्हें सीधी लाइन में रखते हुए नाभि से थोड़ा बाईं ओर पेटीकोट में टक करें।

अंत में पल्लू को ब्लाउज से पिन कर दें, ताकि वह बार–बार न फिसले। पारंपरिक लुक के लिए कमर पर ओडियानम यानी सुनहरी कमरबंद भी पहना जा सकता है।

# मोदी की थाली में छिपे हैं देसी स्वाद के सेहतमंद राज



### सादगी भरे खान–पान में खिचड़ी, ढोकला भाखरी–दाल और काले चावल भी शामिल

### मखाना और मोरिंगा पराठा सबसे ज्यादा चर्चा में

**यूनिक समय, मथुरा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की व्यस्त दिनचर्या के साथ उनकी सादगी और अनुशासित जीवनशैली की भी अक्सर चर्चा होती है। उनके खान–पान को लेकर कई मौकों पर सामने आई जानकारी में पारंपरिक भारतीय व्यंजनों और देसी खाद्य पदार्थों का जिक्र मिलता है। पीएम मोदी ने सार्वजनिक रूप से यह भी कहा है कि उनकी कोई एक तय आहार योजना नहीं है। 2026 में 'परीक्षा पे चर्चा' के दौरान उन्होंने बताया था कि वे शाकाहारी भोजन लेते हैं और उपलब्धता के अनुसार खाना खाते रहे हैं।

मखाना उनके खान–पान से जुड़ा सबसे चर्चित खाद्य पदार्थ है। बिहार के भागलपुर में उन्होंने बताया था कि वे साल में कम से कम 300 दिन मखाना खाते हैं। वहीं, सहजन की पत्तियों से बना मोरिंगा पराठा भी उनकी पसंद से जुड़ा रहा है। सहजन की पत्तियों में फाइबर, विटामिन और एंटीऑक्सीडेंट तत्व पाए जाते हैं।

खिचड़ी भी पीएम मोदी के खान–पान में शामिल रही है। उन्होंने बताया था कि शुरुआती दिनों में उपलब्ध शाकाहारी भोजन करते थे और कभी–कभी खुद खिचड़ी भी बनाते थे। गुजरात का ढोकला और भाखरी–दाल भी पारंपरिक खाद्य पदार्थों में शामिल हैं। भाखरी आमतौर पर ज्वार या बाजरे के आटे से तैयार की जाती है, जबकि दाल प्रोटीन का स्रोत है।

इसके अलावा पीएम मोदी भारतीय एवोकाडो और काले चावल जैसे स्थानीय खाद्य पदार्थों की भी सार्वजनिक रूप से चर्चा कर चुके हैं। काले चावल में एंथोसायनिन जैसे एंटीऑक्सीडेंट पाए जाते हैं। हालांकि किसी खाद्य पदार्थ को स्वास्थ्य समस्याओं का इलाज नहीं माना जा सकता। संतुलित आहार और व्यक्ति की जरूरत के अनुसार भोजन लेना अधिक महत्वपूर्ण है।

# एनालॉग पनीर पर देशभर में लग सकता है प्रतिबंध

**यूनिक समय, मथुरा।** दूध की जगह वनस्पति तेल, स्टार्च और इमल्सीफायर से तैयार होने वाले एनालॉग पनीर पर देशभर में प्रतिबंध की तैयारी है। महाराष्ट्र, गुजरात, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और कर्नाटक समेत आठ राज्यों में पहले ही रोक लगाई जा चुकी है। अब 24 सितंबर को खाद्य सुरक्षा आयुक्तों की बैठक में सभी राज्यों की राय ली जाएगी।

एफएसएसएआई के अनुसार, सहमति बनने पर एनालॉग पनीर के उत्पादन, बिक्री और इस्तेमाल पर देशव्यापी रोक लगाई जा सकती है। पारंपरिक पनीर दूध से तैयार होता है, जबकि एनालॉग पनीर में वनस्पति तेल और अन्य पदार्थ इस्तेमाल किए जाते हैं।

## सम्पादकीय

# लोगों के लिए डॉक्टर बाद में, गूगल पहले

पहले जमाने में बीमारी होती थी तो लोग डॉक्टर के पास जाते थे। अब जमाना बदल गया है। सिर दर्द हुआ नहीं कि मोबाइल निकला, दो शब्द टाइप किए और पांच मिनट में पता चल गया- माइग्रेन, ब्रेन ट्यूमर या फिर जिंदगी का आखिरी अध्याय! डॉक्टर बेचारा बाद में आता है, जब मरीज अपनी बीमारी की पूरी फाइल बनाकर उसके सामने बैठ चुका होता है।

यही नया चलन साइबरकॉन्ड्रिया कहलाता है। यानी इंटरनेट पर



पवन गौतम
संपादक

बीमारी खोजते-खोजते अपनी मामूली परेशानी को गंभीर रोग मान बैठना। अब इसमें कृत्रिम बुद्धिमत्ता भी शामिल हो गई है। पहले 'गूगल डॉक्टर' था, अब 'चैटबॉट डॉक्टर' भी हाजिर है। फर्क सिर्फ इतना है कि पहले दस वेबसाइट डराती थीं, अब एक चैटबॉट बड़े आत्मविश्वास से वही काम कर देता है। घुटने पर छोटी-सी गांठ दिखी तो मन ने कहा-कुछ नहीं होगा। मोबाइल ने कहा-संभावना गंभीर है। इसके बाद डॉक्टर की बारी आई तो मरीज के पास तीन विशेषज्ञों की राय के बावजूद चौथी, पांचवीं और शायद न्यूयॉर्क की छठी राय लेने का मन हो गया। बीमारी निकली नहीं, लेकिन चिंता जरूर पक्की हो गई। सबसे मजेदार बात यह है कि इंटरनेट पर हर लक्षण का एक भव्य परिचय मौजूद है। सिर दर्द? ट्यूमर हो सकता है। थकान? गंभीर बीमारी का संकेत। वजन बढ़ा? हार्मोन बिगड़े हैं। दो दिन नींद कम हुई? मानसिक बीमारी की संभावना! यानी शरीर ने एक छोटी-सी घंटी बजाई और इंटरनेट ने पूरा सायरन बजा दिया।

संपादकीय सुनने के लिए मोबाइल से QR कोड को स्कैन करें।

समस्या तब गंभीर होती है, जब इंटरनेट की सलाह इलाज बन जाती है। कोई खुद एंटीबायोटिक खाने लगता है, कोई दर्द की दवा, कोई हार्मोन की गोली। कुछ लोग व्यायाम की ऐसी विधि अपनाते हैं, जो बीमारी ठीक करने के बजाय उसे और बढ़ा सकती है। तकनीक बुरी नहीं है। स्वास्थ्य संबंधी जानकारी हासिल करना भी गलत नहीं। असली गड़बड़ी तब शुरू होती है, जब जानकारी को निदान और निदान को इलाज समझ लिया जाए।

डॉक्टर की जरूरत इसलिए नहीं खत्म हुई कि मोबाइल तेज हो गया है। आखिर चैटबॉट आपका चेहरा पीला देखकर सवाल नहीं पूछ सकता, न नाड़ी पकड़ सकता है, न आपकी पूरी बीमारी का इतिहास समझ सकता है। इसलिए अगली बार शरीर कोई छोटा-सा संकेत दे तो मोबाइल उठाइए जरूर, लेकिन डॉक्टर बनने के लिए नहीं- डॉक्टर तक पहुंचने का सही रास्ता खोजने के लिए। वरना कल को छींक आएगी और मोबाइल बताएगा-"बधाई हो, आपने इंटरनेट पर अपनी बीमारी खोज ली है!

## नजरिया

# तेल पर दबाव,दिल्ली का जवाब और वाशिंगटन की अगली चाल

बोध प्रकाश सगुणी



तेल की बूंदें सिर्फ इंजन नहीं चलातीं, दुनिया की राजनीति भी चलाती हैं। जहां तेल होता है, वहां अर्थव्यवस्था होती है और जहां तेल की आपूर्ति पर दबाव पड़ता है, वहां कूटनीति की परीक्षा शुरू हो जाती है। रूस से भारत की कच्चे तेल की खरीद को लेकर अमेरिका का नया कदम इसी बदलती वैश्विक राजनीति की कहानी कह रहा है। अमेरिकी प्रतिनिधि सभा ने रूस और ईरान पर प्रतिबंधों को कड़ा करने वाले विधेयक को 262 के मुकाबले 159 मतों से मंजूरी दे दी है। अब निगाह राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के अगले कदम पर है।

सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि 100 प्रतिशत शुल्क अभी लगाया नहीं गया है। विधेयक ट्रंप को रूस से ऊर्जा खरीदने वाले बड़े देशों पर 100 प्रतिशत तक शुल्क लगाने का अधिकार देता है। यानी अमेरिकी कांग्रेस ने रास्ता खोल दिया है, लेकिन उस रास्ते पर चलना राष्ट्रपति के निर्णय पर निर्भर करेगा। भारत के लिए यही अंतर बेहद महत्वपूर्ण है।

अमेरिका रूस पर आर्थिक दबाव बढ़ाना चाहता है। उसके पीछे यूक्रेन युद्ध की पृष्ठभूमि है। अमेरिकी नीति का उद्देश्य रूस की ऊर्जा आय को प्रभावित करना और उसके आर्थिक संसाधनों पर दबाव बढ़ाना है। लेकिन इस रणनीति में भारत और चीन जैसे बड़े तेल खरीदारों की भूमिका महत्वपूर्ण हो जाती है। रूस से तेल खरीदने वाले बड़े देशों पर शुल्क का विकल्प इसी दबाव को व्यापक बनाने की कोशिश है।

भारत की स्थिति इससे अलग है। नई दिल्ली के लिए रूसी तेल खरीद किसी एक देश के पक्ष में खड़े होने का प्रश्न नहीं, बल्कि ऊर्जा जरूरत और आर्थिक गणित का विषय है। 2022 के बाद जब पश्चिमी देशों ने रूसी तेल पर प्रतिबंध लगाए, तब रूस का कच्चा तेल छूट पर उपलब्ध हुआ। भारतीय रिफाइनरियों ने इसका लाभ उठाया। धीरे-धीरे रूस भारत के प्रमुख कच्चे तेल आपूर्तिकर्ताओं में पहुंच गया। अब सवाल यह है कि यदि भारत रूसी तेल खरीद कम करता है तो उसकी जगह कौन लेगा?

भारत दुनिया के सबसे बड़े ऊर्जा उपभोक्ताओं में है। देश की अर्थव्यवस्था को चलाने के लिए लगातार तेल चाहिए। पेट्रोल-डीजल से लेकर विमान ईंधन, रसायन और उद्योग तक इसकी कीमत का असर दिखाई देता है। इसलिए तेल की खरीद में बड़ा बदलाव केवल विदेश नीति की खबर नहीं होगा, उसका प्रभाव बाजार और उपभोक्ता तक भी पहुंच सकता है। यही वह बिंदु है जहां भारत की रणनीति कठिन हो जाती है।

एक तरफ अमेरिका के साथ भारत की व्यापारिक और रणनीतिक साझेदारी है। दूसरी तरफ रूस से ऊर्जा और अन्य क्षेत्रों के संबंध हैं। पश्चिम एशिया भारत के लिए भी महत्वपूर्ण ऊर्जा क्षेत्र है। ऐसे में किसी एक दिशा में अचानक बड़ा मोड़ लेना आसान नहीं है।

भारत ने पहले भी ऊर्जा स्रोतों में विविधता पर जोर दिया है। वह कई देशों से कच्चा तेल खरीदता है। लेकिन विविधता का अर्थ यह नहीं कि किसी भी स्रोत को रातोंरात हटाया जा सकता है। तेल का बाजार कीमत, गुणवत्ता, उपलब्धता, परिवहन और रिफाइनरी की जरूरतों के हिसाब से चलता है। इसलिए राजनीतिक दबाव और बाजार की वास्तविकता हमेशा एक जैसी नहीं होती। अमेरिका के सामने भी यही चुनौती है। यदि रूस के बड़े खरीदारों पर भारी शुल्क लगाया जाता है तो उसका असर केवल भारत पर नहीं पड़ेगा। वैश्विक तेल व्यापार की दिशा बदल सकती है। कीमतों पर दबाव आ सकता है और आपूर्ति के रास्ते बदल सकते हैं। जिस कदम का उद्देश्य रूस की आय कम करना है, उसका असर अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा बाजार पर भी पड़ सकता है। यहीं भारत-अमेरिका संबंधों का अगला अध्याय लिखा जाएगा।

भारत ने साफ संकेत दिया है कि ऊर्जा सुरक्षा से जुड़े फैसले उसके राष्ट्रीय हितों के आधार पर होंगे। विदेश मंत्रालय ने यह भी कहा है कि भारत अपने व्यापार और आर्थिक हितों की रक्षा के लिए आवश्यक कदम उठाएगा। इसका अर्थ यह नहीं कि दोनों देशों के बीच बातचीत बंद हो गई है। बल्कि असली परीक्षा अब बातचीत की ही है। क्या अमेरिका अपने शुल्क विकल्प का इस्तेमाल करेगा? यदि करेगा तो कितना? किन भारतीय उत्पादों पर असर पड़ेगा? क्या दोनों देश व्यापार वार्ता के जरिए कोई रास्ता निकाल पाएंगे? और सबसे बड़ा सवाल-क्या भारत रूसी तेल की खरीद को उसी स्तर पर बनाए रखेगा या दूसरे स्रोतों की ओर और तेजी से बढ़ेगा? इन सवालों का जवाब आने वाले समय में मिलेगा।

इस विवाद का एक बड़ा संदेश यह भी है कि वैश्विक अर्थव्यवस्था अब केवल व्यापार की किताब से नहीं चल रही। ऊर्जा, प्रतिबंध, शुल्क और कूटनीति एक-दूसरे से जुड़ चुके हैं। किसी देश का तेल खरीदना दूसरे देश की विदेश नीति का मुद्दा बन सकता है और किसी देश का शुल्क निर्णय तीसरे देश के बाजार को प्रभावित कर सकता है। भारत के सामने चुनौती इसी जटिल समीकरण को संभालने की है।

नई दिल्ली के लिए सबसे महत्वपूर्ण प्रश्न यह होगा कि वह ऊर्जा की लागत, आपूर्ति की निरंतरता और विदेश नीति के संतुलन को कैसे बनाए रखती है। अमेरिका के लिए चुनौती यह होगी कि रूस पर दबाव बढ़ाते हुए वह अपने महत्वपूर्ण साझेदारों के साथ आर्थिक संबंधों पर कितना असर पड़ने देता है। इसलिए फिलहाल इसे केवल भारत-अमेरिका टकराव के रूप में देखना अधूरा होगा। यह उस दुनिया की तस्वीर है जिसमें आर्थिक फैसले अब सीधे भू-राजनीति से जुड़े हैं।

तेल के टैंकर समुद्र में चलते रहेंगे, रिफाइनरियां तेल खरीदती रहेंगी और बाजार कीमत तय करता रहेगा। लेकिन उनके पीछे चल रही कूटनीतिक शतरंज कहीं ज्यादा महत्वपूर्ण है। अमेरिकी कांग्रेस ने ट्रंप के सामने 100 प्रतिशत शुल्क का विकल्प रख दिया है। भारत ने ऊर्जा सुरक्षा को अपनी प्राथमिकता बताया है। अब अगली चाल वाशिंगटन की होगी और उसका जवाब बाजार तथा नई दिल्ली की नीति से सामने आएगा। कहानी अभी खत्म नहीं हुई है। असली सवाल अब यह है कि तेल की इस कूटनीतिक बाजी में दबाव कितना बढ़ेगा और बातचीत के लिए जगह कितनी बचेगी।

## विचार विंडो

# दूध के गिलास में सफेदी के साथ प्लास्टिक का डर

राम प्रकाश शर्मा

सुबह की शुरुआत दूध से होती है। किसी घर में बच्चे को दूध का गिलास दिया जाता है, कहीं इसी दूध से चाय बनती है तो कहीं बुजुर्गों की दवा के साथ दूध जरूरी माना जाता है। दूध हमारे भोजन का हिस्सा ही नहीं, सेहत और पोषण से जुड़ा भरोसा भी है। लेकिन अब इसी भरोसे के सामने एक ऐसा सवाल खड़ा हो गया है, जिसे नजरअंदाज करना मुश्किल है-क्या दूध के साथ हमारे शरीर में माइक्रोप्लास्टिक भी पहुंच रहा है?

सवाल इसलिए गंभीर है क्योंकि दूध रोज पीने वाली चीज है। यदि किसी खाद्य पदार्थ में किसी संदिग्ध तत्व की मौजूदगी एक-दो बार सामने आए तो उसे सामान्य घटना मानकर टाला जा सकता है। लेकिन जब अलग-अलग शोध दूध में माइक्रोप्लास्टिक की मौजूदगी के संकेत दें, तो जांच और निगरानी की जरूरत महसूस होना स्वाभाविक है।

हाल ही में प्रकाशित एक अध्ययन में भारत में बिकने वाले पैकेट वाले दूध और फार्म से लिए गए कच्चे दूध के नमूनों की जांच की गई। नौ नमूनों में माइक्रोप्लास्टिक के 66 कण मिले। अलग-अलग नमूनों में एक लीटर दूध में तीन से 30 तक कण पाए गए। जांच में फाइबर और छोटे प्लास्टिक टुकड़ों के साथ पॉलीएथिलीन और पॉलीप्रोपाइलीन जैसे प्लास्टिक भी मिले। इनका इस्तेमाल खाद्य पैकेजिंग में बड़े पैमाने पर होता है।

लेकिन कहानी सिर्फ दूध के पैकेट तक सीमित नहीं है।



हम अक्सर सोचते हैं कि प्लास्टिक का मतलब केवल पैकेट है। जबकि दूध का सफर कई चरणों से होकर गुजरता है। पशुओं के चारे के बैग, दूध निकालने वाली मशीनें, पाइप, फिल्टर, भंडारण के बर्तन और प्रसंस्करण के दौरान इस्तेमाल होने वाली सामग्री भी दूध के संपर्क में आती है। यानी दूध में माइक्रोप्लास्टिक पहुंचने के रास्ते एक से अधिक हो सकते हैं।

जनवरी 2026 में प्रकाशित एक अन्य अध्ययन में भी पैकेट वाले दूध में फार्म के दूध की तुलना में अधिक माइक्रोप्लास्टिक कण पाए गए। अध्ययन के अनुसार फार्म के दूध में करीब 17.8 कण प्रति लीटर मिले, जबकि पैकेट वाले दूध के नमूनों में करीब 37.8 से 71.1 कण प्रति लीटर तक पाए गए। यह अंतर पैकेजिंग और प्रसंस्करण की भूमिका पर सवाल जरूर खड़ा करता है।

फिर भी यहां सावधानी जरूरी है। इन अध्ययनों में नमूनों की संख्या सीमित रही है। इसलिए इनके आधार पर पूरे भारत के दूध को असुरक्षित घोषित करना वैज्ञानिक रूप से उचित नहीं होगा। जरूरत बड़े और अलग-अलग क्षेत्रों में किए गए अध्ययनों की है। माइक्रोप्लास्टिक को लेकर सबसे बड़ा सवाल इसके दीर्घकालिक स्वास्थ्य प्रभावों का है। दूध में माइक्रोप्लास्टिक की मौजूदगी का मतलब यह नहीं कि दूध पीने से बीमारी होना तय है। इंसानों में कितनी मात्रा नुकसान पहुंचा सकती है और कितने समय तक संपर्क खतरनाक हो सकता है, इस पर अभी शोध जारी है।

हां, प्रयोगशाला और पशु अध्ययनों में कुछ चिंताजनक संकेत जरूर मिले हैं। माइक्रोप्लास्टिक के संपर्क से सूजन, ऑक्सीडेटिव तनाव, ऊतकों को नुकसान और कोशिकाओं के सामान्य कामकाज में बदलाव जैसे प्रभाव देखे गए हैं। कुछ शोधों में पाचन और प्रजनन तंत्र से जुड़े संभावित प्रभावों पर भी चर्चा हुई है।

नैनोप्लास्टिक को लेकर चिंता इसलिए अधिक है क्योंकि ये कण माइक्रोप्लास्टिक से भी छोटे होते हैं। वैज्ञानिक यह समझने की कोशिश कर रहे हैं कि क्या इतने छोटे कण शरीर की प्राकृतिक सुरक्षा परतों को पार करके अलग-अलग अंगों तक पहुंच सकते हैं और लंबे समय में क्या प्रभाव डाल सकते हैं। इसलिए अभी डरने से ज्यादा जरूरी है सवाल पूछना।

माइक्रोप्लास्टिक की खबर सामने आते ही दूध पीना बंद कर देना आसान प्रतिक्रिया हो सकती है, लेकिन यह समाधान नहीं है। दूध प्रोटीन, कैल्शियम और अन्य पोषक तत्वों का महत्वपूर्ण स्रोत है। खासकर बच्चों के भोजन में इसकी भूमिका अहम है। जरूरत दूध से दूरी बनाने की नहीं, बल्कि दूध और प्लास्टिक के अनावश्यक संपर्क को कम करने की है। खाद्य सुरक्षा से जुड़ी संस्थाओं को अब मिलावट और रासायनिक अवशेषों के साथ माइक्रोप्लास्टिक की निगरानी पर भी ध्यान देना होगा। दूध की नियमित जांच के साथ उसकी पैकेजिंग, पाइप, फिल्टर, मशीनों और भंडारण व्यवस्था की भी जांच जरूरी है।

डेयरी उद्योग को भी यह समझना होगा कि पैकेजिंग सिर्फ सुविधा नहीं, खाद्य सुरक्षा का हिस्सा है। कंपनियों को यह सुनिश्चित करना होगा कि उत्पादन और पैकेजिंग के दौरान दूध में प्लास्टिक के कण जाने की संभावना न्यूनतम हो। उपभोक्ता के स्तर पर भी जागरूकता जरूरी है, लेकिन सारी जिम्मेदारी उसके कंधों पर डालना उचित नहीं। आखिर वह यह तय नहीं करता कि दूध किस पाइप से होकर आया, किस मशीन में भरा गया और किस सामग्री से पैक हुआ।

दूध हमारी थाली का पुराना भरोसा है। उस भरोसे को अफवाहों से नहीं, वैज्ञानिक जांच और बेहतर व्यवस्था से बचाना होगा। कल तक सवाल होता था-दूध शुद्ध है या मिलावटी? अब विज्ञान ने एक नया सवाल सामने रख दिया है-दूध शुद्ध है, लेकिन क्या वह प्लास्टिक के सूक्ष्म कणों से भी मुक्त है? इस सवाल का जवाब डर पैदा करने के लिए नहीं, भरोसा कायम रखने के लिए चाहिए। क्योंकि जिस दूध का गिलास हम अपने बच्चों के हाथ में देकर कहते हैं, 'इसे पी लो, सेहत बनेगी', उस भरोसे की सुरक्षा भी उतनी ही जरूरी है जितना दूध का उत्पादन।

## डेविस कप में भारत की अग्निपरीक्षा

# साउथ कोरिया के खिलाफ तय करेगा अंतिम–8 का रास्ता

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** डेविस कप के राउंड–2 में भारतीय टेनिस टीम का सामना साउथ कोरिया से होने जा रहा है। दोनों देशों के बीच मुकाबले 18 और 19 सितंबर को सियोल के ओलंपिक टेनिस कोर्ट में खेले जाएंगे। भारत ने पहले राउंड में नीदरलैंड्स को 3–2 से हराकर दूसरे राउंड में जगह बनाई थी। अब टीम इंडिया की नजरें साउथ कोरिया के खिलाफ जीत दर्ज कर अगले राउंड यानी अंतिम–8 में जगह बनाने पर होंगी। हालांकि, मुकाबले से पहले भारतीय टीम को एक झटका लगा है। अनुभवी खिलाड़ी युकी भांबरी फिटनेस समस्या के कारण इस मुकाबले में हिस्सा नहीं ले रहे हैं। ऐसे में सुमित नागल और एन श्रीराम बालाजी सहित अन्य खिलाड़ियों पर जिम्मेदारी रहेगी।




भारत और साउथ कोरिया के समय में 3 घंटे 30 मिनट का अंतर है। 18 सितंबर को पहले दिन दो सिंगल्स मुकाबले खेले जाएंगे। भारतीय समयानुसार पहला मैच सुबह 10:30 बजे शुरू होगा। इसमें भारत के दक्षिणेश्वर सुरेश का सामना साउथ कोरिया के सूनवू क्वोन से होगा। पहला मैच खत्म होने के 15 मिनट बाद दूसरे सिंगल्स मुकाबले की शुरुआत होगी। इसमें भारत के सुमित नागल के सामने साउथ कोरिया के ह्योन चुंग होंगे। इसके बाद 19 सितंबर को मुकाबले की शुरुआत डबल्स मैच से होगी। भारतीय समयानुसार यह मैच सुबह 8:30 बजे शुरू होगा। भारत की ओर से एन श्रीराम बालाजी और निकी कालियंडा पूनाचा कोर्ट पर उतरेंगे, जबकि साउथ कोरिया की तरफ से जीसुंग नम और उइसुंग पार्क की जोड़ी चुनौती पेश करेगी।

डबल्स के बाद मुकाबले की स्थिति के अनुसार आगे के मैच खेले जाएंगे। यदि कोई टीम शुरुआती तीनों मुकाबले जीत लेती है तो वह अगले राउंड में पहुंच जाएगी। अगर स्कोर 2–1 रहता है तो चौथा मुकाबला सिंगल्स का होगा, जिसमें सुमित नागल और सूनवू क्वोन आमने–सामने होंगे। यह मैच डबल्स के 20 मिनट बाद शुरू होगा। इसके बाद स्कोर 2–2 होने पर निर्णायक पांचवां मुकाबला खेला जाएगा। इसमें दक्षिणेश्वर सुरेश का सामना ह्योन चुंग से होगा और यह मैच चौथे मुकाबले के 15 मिनट बाद शुरू होगा। इस तरह दो दिनों में होने वाले मुकाबलों में भारत के लिए हर जीत अगले दौर की राह तय करेगी।

# छह महीने में टूटा रिश्ता, आकृति ने बताई अलग होने की वजह

### पृथ्वी शॉ से सगाई पर लगा ब्रेक

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेटर पृथ्वी शॉ और एक्ट्रेस आकृति अग्रवाल की सगाई टूट गई है। सगाई के करीब छह महीने बाद आकृति ने सोशल मीडिया पर एक भावुक पोस्ट शेयर कर इस बात की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि दोनों ने आपसी सहमति से अलग होने का फैसला किया है। आकृति के मुताबिक, भविष्य को लेकर दोनों के लक्ष्य और परिस्थितियां अलग होने की वजह बनीं। हालांकि, उन्होंने इस फैसले के पीछे किसी अन्य कारण या व्यक्ति का जिक्र नहीं किया और लोगों से मामले को लेकर किसी तरह की अटकलें न लगाने की अपील की। आकृति अग्रवाल ने अपने इंस्टाग्राम पोस्ट में लिखा कि भारी मन से वह यह बताना चाहती हैं कि उन्होंने और उनके मंगेतर ने भविष्य के लिए अलग–अलग लक्ष्यों और



परिस्थितियों के कारण अलग होने का फैसला किया है। उन्होंने कहा कि दोनों आज भी एक–दूसरे की परवाह करते हैं, लेकिन अब उन्होंने यह स्वीकार कर लिया है कि उनकी राहें अलग हैं। आकृति ने आगे बढ़ने के लिए दोनों के लिए शांति, खुशी और अच्छे भविष्य की कामना की। साथ ही उन्होंने लोगों से इस मुश्किल समय में उनकी प्राइवेसी का सम्मान करने की अपील की। पृथ्वी शॉ और आकृति अग्रवाल ने 27 अगस्त 2025 को गणेश चतुर्थी के मौके पर अपने रिश्ते को सार्वजनिक किया था। इसके बाद दोनों की नजदीकियों की चर्चा सोशल मीडिया पर होने लगी। करीब छह महीने पहले, 8 मार्च 2026 को दोनों ने सगाई की थी।

पृथ्वी शॉ ने भी सगाई समारोह की तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर की थीं। तस्वीरों के सामने आने के बाद फैंस ने दोनों को बधाइयां दी थीं और उनकी शादी को लेकर भी चर्चाएं शुरू हो गई थीं।

हालांकि, कुछ समय बाद आकृति की सोशल मीडिया गतिविधियों को लेकर उनके रिश्ते पर सवाल उठने लगे थे। जुलाई में उनके कुछ पोस्ट सामने आए थे, जिसके बाद लोगों ने तरह–तरह के कयास लगाए, लेकिन उस समय इन पोस्ट का पृथ्वी शॉ से कोई आधिकारिक संबंध सामने नहीं आया था। अब आकृति के ताजा बयान से दोनों के अलग होने की पुष्टि हो गई है। आकृति ने अपने बयान में अलगाव के कारणों को लेकर स्पष्ट तौर पर किसी तरह की अतिरिक्त जानकारी नहीं दी है। उन्होंने विशेष रूप से लोगों से अनुरोध किया है कि वे इस फैसले के पीछे की वजहों को लेकर कोई धारणा न बनाएं। ऐसे में फिलहाल दोनों के बीच रिश्ते की स्थिति को लेकर उनकी ओर से यही आधिकारिक जानकारी सामने आई है कि उन्होंने आपसी सहमति से अपनी राहें अलग करने का फैसला किया है।

# श्रीलंका के सोनल दिनुशा बने आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ

### भारत के खिलाफ बल्ले से मचाया धमाल

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** श्रीलंका के युवा बल्लेबाज सोनल दिनुशा ने भारत के खिलाफ टेस्ट सीरीज में शानदार प्रदर्शन का इनाम हासिल किया है। इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल यानी आईसीसी ने 17 सितंबर को दिनुशा को अगस्त 2026 का मेन्स प्लेयर ऑफ द मंथ चुना। करियर में पहली बार यह सम्मान हासिल करने वाले दिनुशा ने इस पुरस्कार की दौड़ में इंग्लैंड के ओली रॉबिन्सन और बांग्लादेश के हसन महमूद को पीछे छोड़ा।




भारत और श्रीलंका के बीच खेली गई दो टेस्ट मैचों की वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप सीरीज में दिनुशा का बल्ला जमकर बोला था। उन्होंने चार पारियों में कुल 420 रन बनाए और उनका बल्लेबाजी औसत 140 का रहा। इस दौरान उन्होंने तीन शतक और एक अर्धशतक लगाया। खास बात यह रही कि भारत के खिलाफ सीरीज से पहले दिनुशा ने श्रीलंका के लिए सिर्फ तीन टेस्ट मैच खेले थे, लेकिन कम अनुभव के बावजूद उन्होंने सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज का गौरव हासिल किया।

सीरीज के पहले टेस्ट में गॉल के मैदान पर दिनुशा ने पहली पारी में 100 रन बनाए, जबकि दूसरी पारी में उन्होंने 84 रन की पारी खेली। उनके शानदार प्रदर्शन के बावजूद श्रीलंका को इस मुकाबले में 165 रन से हार का सामना करना पड़ा। इसके बाद कोलंबो में 23 से 27 अगस्त के बीच खेले गए दूसरे टेस्ट में दिनुशा ने एक बार फिर अपनी बल्लेबाजी का दम दिखाया।

उन्होंने पहली पारी में 103 रन बनाए और दूसरी पारी में नाबाद 133 रन की पारी खेली। उनकी इस शानदार बल्लेबाजी की बदौलत श्रीलंका मैच ड्रॉ कराने में सफल रहा। इस प्रदर्शन के लिए दिनुशा को मुकाबले का प्लेयर ऑफ द मैच भी चुना गया। हालांकि, भारत ने दो मैचों की टेस्ट सीरीज में 1–0 से जीत हासिल की।

आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ चुने जाने के बाद दिनुशा ने इस सम्मान को अपने करियर के शुरुआती दौर के लिए बेहद खास बताया। उन्होंने आईसीसी का आभार जताते हुए कहा कि भारत के खिलाफ खेली गई सीरीज उनके लिए हमेशा यादगार रहेगी। दिनुशा ने घरेलू दर्शकों के सामने गॉल और कोलंबो में तीन शतक लगाने को सपने के सच होने जैसा बताया। उन्होंने यह भी माना कि श्रीलंका सीरीज का मनचाहा नतीजा हासिल नहीं कर सका, लेकिन दूसरे टेस्ट में टीम की वापसी ने खिलाड़ियों के भरोसे और जुझारूपन को जरूर दिखाया।

# तमन्ना के बाद किसके करीब आए विजय वर्मा



### आलिया संग दिखे तो फिर तेज हुई डेटिंग की चर्चा

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** बॉलीवुड एक्टर विजय वर्मा इन दिनों अपनी फिल्मों के साथ–साथ निजी जिंदगी को लेकर भी सुर्खियों में हैं। तमन्ना भाटिया से ब्रेकअप के बाद अब उनका नाम एक्ट्रेस और सिंगर आलिया कुरैशी से जोड़ा जा रहा है। हाल ही में मुंबई में 'लस्ट स्टोरीज 3' की स्क्रीनिंग के दौरान विजय वर्मा और आलिया कुरैशी को साथ देखा गया।

दोनों की मौजूदगी का वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आने के बाद एक बार फिर उनके रिश्ते को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं। हालांकि, विजय वर्मा या आलिया कुरैशी की ओर से डेटिंग को लेकर अभी तक कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। यह पहली बार नहीं है जब दोनों को साथ देखा गया हो। इससे पहले भी विजय और आलिया को मुंबई में कई मौकों पर साथ स्पॉट किया जा चुका है। लगातार साथ नजर आने के कारण सोशल मीडिया पर उनके बीच रिश्ते को लेकर कयास लगाए जा रहे हैं। आलिया कुरैशी मनोरंजन जगत में सिंगर, गीतकार और एक्ट्रेस के तौर पर काम कर रही हैं। वह सोशल मीडिया पर 'झल्ली' नाम से भी जानी जाती हैं। आलिया ने शाहरुख खान की फिल्म 'जवान' से बॉलीवुड में डेब्यू किया था। एटली के निर्देशन में बनी इस फिल्म में उन्होंने आजाद की टीम की सदस्य जानवी का किरदार निभाया था। इसके बाद वह 'बंदिश बैंडिट्स 2' और 'नादानियां' जैसे प्रोजेक्ट्स में भी नजर आईं। वहीं, विजय वर्मा इससे पहले तमन्ना भाटिया के साथ अपने रिश्ते को लेकर चर्चा में रहे थे। दोनों की नजदीकियां 'लस्ट स्टोरीज 2' के दौरान बढ़ी थीं और करीब दो साल तक दोनों का रिश्ता सुर्खियों में रहा। 2025 में दोनों के अलग होने की खबरें सामने आई थीं। अब आलिया कुरैशी के साथ विजय की तस्वीरें और वीडियो सामने आने के बाद उनकी निजी जिंदगी को लेकर नई चर्चाओं ने जोर पकड़ लिया है।

# विसर्जन के बाद फिर बप्पा की शरण में पहुंचे अनंत



### लालबागचा राजा के दरबार में झुकाया शीश

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** अंबानी परिवार की धार्मिक आस्था किसी से छिपी नहीं है। गणेश उत्सव के दौरान परिवार के सदस्यों की भक्ति और भव्य आयोजन अक्सर चर्चा में रहते हैं। अनंत अंबानी भी भगवान गणेश के प्रति अपनी आस्था को लेकर सुर्खियों में रहते हैं।

गणपति विसर्जन के बाद अनंत अंबानी एक बार फिर बप्पा की शरण में पहुंचे और मुंबई के प्रसिद्ध लालबागचा राजा के दर्शन कर आशीर्वाद लिया। सोशल मीडिया पर सामने आए वीडियो और तस्वीरों में अनंत को कड़ी सुरक्षा के बीच लालबागचा राजा के पंडाल की ओर जाते देखा जा सकता है। वह अपने काफिले के साथ यहां पहुंचे थे। इस दौरान अनंत ने लाल रंग का कुर्ता पहना हुआ था।

दर्शन के दौरान उन्होंने बप्पा के चरणों में शीश झुकाया और आशीर्वाद लिया। अनंत की भक्ति का यह अंदाज कैमरे में कैद हो गया, जिसके बाद वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल होने लगा। इस दौरान सोशल मीडिया यूजर्स उनकी धार्मिक आस्था और संस्कारों की चर्चा करते नजर आए।

अनंत अंबानी हर साल गणेश चतुर्थी के मौके पर पूरे उत्साह के साथ बप्पा का स्वागत करते हैं। इस साल भी उन्होंने पत्नी राधिका मर्चेंट और परिवार के अन्य सदस्यों के साथ गणपति उत्सव मनाया।

उत्सव के बाद परिवार ने गणपति विसर्जन भी किया था, जिसकी तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आए थे। अनंत का लालबागचा राजा से जुड़ाव भी पुराना है। साल 2024 में लालबागचा राजा सार्वजनिक गणेशोत्सव मंडल ने उन्हें बोर्ड का मानद सलाहकार सदस्य नियुक्त किए जाने की घोषणा की थी। बताया जाता है कि अनंत हर साल लालबागचा राजा के दर्शन के लिए पहुंचते हैं। पिछले साल भी वह यहां अकेले पहुंचकर बप्पा का आशीर्वाद ले चुके हैं। इस बार विसर्जन के बाद उनके दोबारा दर्शन करने की झलकियां सामने आने से उनकी गणपति भक्ति एक बार फिर चर्चा में है।

## यूपी में अचानक बदला मौसम, आंधी के बाद हुई मूसलाधार बारिश

# कई शहरों में दिन में छाया अंधेरा





**यूनिक समय, लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में गुरुवार को मौसम ने अचानक करवट ली। सुबह से कई जिलों में रुक-रुककर बारिश के बाद दोपहर में लखनऊ में तेज आंधी के साथ झमाझम बारिश शुरू हो गई। कुछ ही देर में दिन में अंधेरा छा गया। बरेली, मेरठ, संभल, मुरादाबाद और कानपुर समेत कई शहरों में भी तेज हवा और बारिश ने जनजीवन प्रभावित किया।

बरेली में करीब 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चली हवाओं से कई पेड़ उखड़ गए। किला पुल पर विशाल पेड़ हाईटेंशन लाइन पर गिर गया, जिससे बिजली के तार टूटकर

### बाढ़ का खतरा बढ़ा, 26 जिलों में हालात चिंताजनक

### बरेली में पेड़-पोल उखड़े महिला की मौत, 66 जिलों में बारिश का अलर्ट

सड़क पर आ गिरे।

एक कार भी पेड़ की चपेट में आ गई। हादसे में कुछ लोगों को मामूली चोटें आईं। कच्ची दीवार गिरने से एक महिला की मौत हो गई, जबकि एक अन्य घटना में दीवार के नीचे दबकर पांच लोग घायल हुए।

कानपुर के घाटमपुर में करीब आधे घंटे तक तेज हवाएं चलीं। कई पेड़ सड़कों पर गिर गए और इसके बाद मूसलाधार बारिश हुई। संभल में भारी बारिश से सड़कें जलमग्न हो गईं और कई घरों में पानी घुस गया। कुछ इलाकों में आधे घंटे में आठ मिलीमीटर से अधिक बारिश दर्ज की गई।

मौसम विभाग ने प्रदेश के 66 जिलों में गरज-चमक के साथ बारिश का अलर्ट जारी किया है। मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के अनुसार अगले 24 घंटे में कई हिस्सों में बादल छाए रहेंगे और पूर्वी उत्तर प्रदेश में हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है।

पहाड़ी क्षेत्रों में बारिश के चलते प्रदेश की कई नदियों का जलस्तर बढ़ रहा है। 26 जिलों में बाढ़ जैसे हालात बताए गए हैं और करीब चार लाख लोग प्रभावित हैं। लखीमपुर खीरी में गोमती नदी का पानी बढ़ने से सैकड़ों एकड़ गन्ने की फसल जलमग्न हो गई। मंदिरों तक पानी पहुंच गया है।

पीलीभीत में बाढ़ और जलभराव के बीच तेंदुओं की आबादी वाले क्षेत्रों के करीब दिखाई देने से ग्रामीणों में भी चिंता बढ़ी है। मौसम विभाग के अनुसार पश्चिमी उत्तर प्रदेश में 20 सितंबर से बारिश की गतिविधियां कम होने और 22 सितंबर से प्रदेश में मौसम शुष्क होने की संभावना है।

# हैवान बने पिता ने तीन माह की बच्ची को पटका, मौत

**यूनिक समय, बागपत।** अमीनगर सराय क्षेत्र के लुहारा गांव में गुरुवार सुबह पति- पत्नी के विवाद के दौरान तीन माह की बच्ची की मौत हो गई। आरोप है कि विवाद के दौरान पति सलमान ने पत्नी शिबा के गले पर कैंची से वार किया और उसकी गोद से बच्ची अलीवा को उठाकर जमीन पर फेंक दिया। बच्ची ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। घटना के बाद आरोपी घर से फरार हो गया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार लुहारा गांव में खजूर वाली मस्जिद के पास सलमान वेल्डिंग और सेंटरिंग का काम करता है। गुरुवार सुबह उसका पत्नी शिबा से विवाद हो गया। आरोप है कि कहासुनी बढ़ने पर सलमान ने कैंची से शिबा के गले पर कई वार कर दिए। महिला के घायल होने पर परिजनों ने गांव में ही निजी चिकित्सक से उसका उपचार कराया और गले में टांके लगवाए। इसी दौरान आरोपी ने कथित तौर पर शिबा की गोद से तीन माह की अलीवा को उठाकर जमीन पर फेंक

### विवाद के दौरान पत्नी के गले पर कैंची से किया वार

### परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से किया इनकार

दिया। बच्ची की मौके पर मौत हो गई। घटना के बाद आरोपी फरार हो गया।

घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और बच्ची के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने की प्रक्रिया शुरू की। परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से इनकार करते हुए हंगामा किया। उनका कहना था कि बच्ची शिबा की गोद से गिरने के कारण मरी है।

पुलिस ने महिला पुलिसकर्मियों की मदद से शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जांच अधिकारी सूर्यदीप सिंह ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के कारणों की पुष्टि होगी और उसके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस आरोपी की तलाश के साथ घटना के सभी पहलुओं की जांच कर रही है।

# ड्यूटी से गायब 40 पुलिसकर्मी लाइन हाजिर

**यूनिक समय, प्रयागराज।** हाईकोर्ट में 14 सितंबर को आयोजित कार्यक्रम के दौरान ड्यूटी से अनुपस्थित मिले 40 पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई की गई है। सभी को लाइन हाजिर कर दिया गया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ समेत कई अतिथियों के शामिल होने के कारण यातायात व्यवस्था संभालने के लिए अलग-अलग थानों से पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाई गई थी।

कार्यक्रम के लिए 53 पुलिसकर्मियों की टीम बनाई गई थी। इन्हें यातायात सुचारू रखने के लिए स्टैंडबाई में रखा गया था। संबंधित थानों से रवानगी के बाद पुलिस लाइन में आमद भी दर्ज कराई गई। लेकिन ड्यूटी के दौरान निर्धारित स्थान पर उनकी तलाश की गई तो 40 पुलिसकर्मी मौके पर

### 53 की टीम में 40 मौके से मिले गायब

### लापरवाही पर पुलिस आयुक्त ने की कार्रवाई

मौजूद नहीं मिले।

ड्यूटी से अनुपस्थित मिलने की रिपोर्ट अधिकारियों तक पहुंची, जिसके बाद पुलिस आयुक्त पीयूष मोर्डिया के निर्देश पर सभी 40 पुलिसकर्मियों को लाइन हाजिर कर दिया गया। अधिकारियों के मुताबिक संवेदनशील ड्यूटी में तैनात पुलिसकर्मियों का निर्धारित स्थान पर मौजूद रहना जरूरी है। कार्रवाई का उद्देश्य भविष्य में ऐसी लापरवाही रोकना और ड्यूटी व्यवस्था को प्रभावी बनाना है।

# अखिलेश ने एक्सप्रेस-वे की गुणवत्ता पर उठाए सवाल

**यूनिक समय, लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने उत्तर प्रदेश के एक्सप्रेस-वे की निर्माण गुणवत्ता को लेकर प्रदेश सरकार पर सवाल उठाए।

लखनऊ में मीडिया से बातचीत के दौरान उन्होंने एक्सप्रेसवे की स्थिति से जुड़े वीडियो दिखाए और आरोप लगाया कि कई परियोजनाओं में निर्माण पूरा होने से पहले ही खामियां सामने आने लगती हैं।

अखिलेश यादव ने लखनऊ-कानपुर एक्सप्रेसवे की सड़क में सामने आई खामियों का उल्लेख करते हुए कहा कि इसकी गुणवत्ता पर गंभीर सवाल उठ रहे हैं। हाल में इस मार्ग पर सड़क संबंधी समस्याओं के चलते मरम्मत का काम भी जारी है। एनएचएआई ने निर्माण एजेंसी पीएनसी इंफ्राटेक को तीन साल के लिए अपनी निविदा प्रक्रिया से बाहर किया है।

### लखनऊ-कानपुर एक्सप्रेसवे का वीडियो दिखाया

### यूपीआई और पौधरोपण के आंकड़ों पर भी उठाए सवाल

अखिलेश ने भुगतान व्यवस्था से जुड़े कर और सरकार के पौधरोपण के दावों पर भी सवाल उठाए। उन्होंने सरकार से 200 करोड़ पौधे लगाए जाने के दावे के संबंध में यह बताने को कहा कि इतने पौधों के लिए कितनी भूमि का इस्तेमाल हुआ। उन्होंने सपा सरकार के दौरान कराए गए रिवरफ्रंट और अन्य निर्माण कार्यों का भी उल्लेख किया और उनकी गुणवत्ता को बेहतर बताया।

# मेरठ कॉलेज में फ्रेशर छात्र से मारपीट, जमकर हुआ बवाल



**यूनिक समय, मेरठ।** मेरठ कॉलेज में बुधवार को बीए प्रथम वर्ष में दाखिला लेने पहुंचे छात्र से मारपीट के बाद जमकर हंगामा हुआ। लाइब्रेरी में शुरू हुआ विवाद देखते ही देखते दो छात्र गुटों के बीच संघर्ष में बदल गया। दोनों पक्षों ने पुलिस के सामने भी एक-दूसरे पर लात-घूंसों और बेल्ट से हमला किया। घटना का वीडियो भी सामने आया है।

सहारनपुर निवासी आशु त्यागी दाखिले के बाद लाइब्रेरी में गया था। आरोप है कि वहां कुछ युवकों ने उस पर टिप्पणी की। विरोध करने पर विवाद बढ़ गया और आरोपियों ने अपने साथियों को बुला लिया। आशु के दोस्त

### नौ छात्र हिरासत में लिए जांच शुरू

भी मौके पर पहुंचे, जिसके बाद दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए। मारपीट से परिसर में अफरा-तफरी मच गई और कई छात्राएं वहां से निकल गईं।

सूचना पर लालकुर्ती पुलिस पहुंची, लेकिन छात्रों का झगड़ा नहीं रुका। बाद में एसपी सिटी भी मौके पर पहुंचे। पुलिस ने दोनों पक्षों के नौ छात्रों को हिरासत में लिया है। पुलिस ने बलवा समेत अन्य धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की है। कॉलेज प्रशासन ने भी जांच बैठाकर दोषी छात्रों पर नियमानुसार कार्रवाई की बात कही है।

# मोदी के जन्मदिन पर योगी ने दी बधाई, देशभर में हुए सेवा कार्यक्रम

**यूनिक समय, लखनऊ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 76वें जन्मदिन पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ समेत विभिन्न दलों के नेताओं ने उन्हें शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री योगी ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर प्रधानमंत्री के उत्तम स्वास्थ्य और सुदीर्घ जीवन की कामना की। उन्होंने अपने संदेश में प्रधानमंत्री को 'नए भारत का शिल्पी' और 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत' के स्वप्नद्रष्टा के रूप में संबोधित किया।

योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री का जीवन 'राष्ट्र प्रथम', कर्मनिष्ठा और लोक-कल्याण के प्रति समर्पित है। उनके अनुसार, प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश आत्मनिर्भरता, सुशासन और वैश्विक प्रतिष्ठा के क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है। वहीं, सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भी प्रधानमंत्री को जन्मदिन की बधाई देते हुए स्वस्थ और



सक्रिय जीवन की शुभकामना दी।

प्रधानमंत्री के जन्मदिन के अवसर पर भाजपा की ओर से 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक 'सेवा संकल्प अभियान' चलाया जा रहा है।

अयोध्या के लता मंगेशकर चौक पर नगर निगम की ओर से सफाई अभियान आयोजित किया गया। महापौर महंत गिरीश पति त्रिपाठी और जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह समेत स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने अभियान में हिस्सा लिया।

लखनऊ में भी नगर निगम की ओर से 'स्वच्छता ही सेवा एवं सेवा संकल्प अभियान' के तहत सफाई, श्रमदान और जनजागरूकता कार्यक्रम प्रस्तावित हैं।

25 सितंबर से दो अक्टूबर तक

### मुख्यमंत्री योगी ने प्रधानमंत्री के स्वस्थ और दीर्घायु जीवन की कामना की

### अयोध्या में सफाई अभियान और लखनऊ में विभिन्न आयोजन हुए

200 घंटे का सफाई अभियान चलेगा। 27 सितंबर से 17 अक्टूबर तक एकल उपयोग प्लास्टिक के खिलाफ अभियान चलेगा। सफाई मित्रों के परिवारों के लिए स्वास्थ्य शिविर, स्कूलों में चित्रकला-विवाद प्रतियोगिताएं और विभिन्न स्थानों पर दीप प्रज्वलन कार्यक्रम भी होंगे।

# लोलार्क कुंड में स्नान को उमड़ा आस्था का सैलाब

**यूनिक समय, वाराणसी।** लोलार्क षष्ठी पर गुरुवार को काशी के लोलार्क कुंड में आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। संतान प्राप्ति की कामना लेकर देश-विदेश से पहुंचे श्रद्धालुओं की करीब तीन किलोमीटर लंबी कतार लगी। बुधवार रात 12 बजे से शुरू हुए स्नान में दोपहर तक करीब दो लाख श्रद्धालु डुबकी लगा चुके थे। बारिश के बावजूद श्रद्धालुओं का उत्साह कम नहीं हुआ।

रात 12 बजे 101 डमरुओं के वादन के साथ कुंड का पूजन किया गया। इसके बाद श्रद्धालुओं ने स्नान शुरू किया। कुंड में प्रत्येक व्यक्ति को करीब 30 सेकंड का समय दिया गया।

### डमरू वादन के बाद शुरू हुआ स्नान, डबल बैरिकेडिंग ड्रोन से हुई निगरानी

स्नान के दौरान फल दान करने की भी परंपरा है। कई श्रद्धालुओं ने बच्चों का मुंडन भी कराया। भीड़ नियंत्रण के लिए लोलार्क कुंड से पांडेय हवेली तक डबल बैरिकेडिंग की गई। प्रवेश और निकासी के अलग द्वार बनाए गए। ड्रोन से पूरे क्षेत्र की निगरानी की गई। धार्मिक मान्यता के अनुसार लोलार्क षष्ठी पर कुंड में स्नान करने से संतान सुख की प्राप्ति होती है।

# पीएम मोदी के जन्मदिन पर नितिन नबीन का विपक्ष पर तंज

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 76वें जन्मदिन के मौके पर भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन ने उन्हें शुभकामनाएं दीं और उनके नेतृत्व की तारीफ की।




इंदौर में एक कार्यक्रम के दौरान नितिन नबीन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत की विरासत को आगे बढ़ाने के साथ देश के करोड़ों लोगों को विकास से जोड़ने का काम किया है। उन्होंने प्रधानमंत्री को विश्व स्तर पर स्वीकार्य नेता बताते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में देश आगे बढ़ रहा है। इस दौरान भाजपा अध्यक्ष ने विपक्ष पर भी निशाना साधा और कहा कि जब विपक्ष राजनीति में व्यस्त था, तब भाजपा ने समाज को एकजुट करने और लोगों को विकास के रास्ते पर आगे बढ़ाने का काम किया।

नितिन नबीन ने इंदौर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान ब्रिक्स समिट का भी जिक्र किया। उन्होंने विपक्ष पर तंज कसते हुए कहा कि जब भारत ब्रिक्स समिट में अपनी छाप छोड़ रहा था, तब विपक्ष सिर्फ मेन्यू देख रहा था। उन्होंने विपक्षी नेताओं पर देश को बांटने वालों के साथ चलने का आरोप लगाया और कहा कि अब वही लोग देश को एकजुट करने की बात कर रहे हैं। इसी कार्यक्रम में नितिन नबीन ने मध्य प्रदेश सरकार की 'स्वामित्व योजना' का शुभारंभ किया और हितग्राहियों को मुफ्त भूमि स्वामी अभिलेख यानी रजिस्ट्री वितरित की। पीएम मोदी के जन्मदिन पर सत्ता पक्ष के साथ विपक्षी नेताओं ने भी उन्हें शुभकामनाएं दीं।

कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर प्रधानमंत्री को बधाई देते हुए उनके स्वस्थ और खुशहाल जीवन की कामना की। उन्होंने प्रधानमंत्री के लिए देश की सेवा जारी रखने की शुभकामनाएं भी दीं। इसके अलावा कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, राहुल गांधी और सपा प्रमुख अखिलेश यादव समेत कई नेताओं ने भी प्रधानमंत्री को जन्मदिन की बधाई दी।

# अरब सागर में टकराए युद्धपोत पीएनएस हुनैन को भारी नुकसान





**यूनिक समय, नई दिल्ली।** अरब सागर में 15 सितंबर 2026 को पाकिस्तान के युद्धपोत पीएनएस हुनैन और भारतीय नौसेना के कोलकाता क्लास युद्धपोत के बीच हुई टक्कर के बाद दोनों देशों के बीच तनाव बढ़ गया है। टक्कर में पाकिस्तानी जहाज के अगले हिस्से को काफी नुकसान पहुंचा और उसे मरम्मत के लिए बंदरगाह लौटना पड़ा, जबकि भारतीय युद्धपोत अपने ऑपरेशनल मिशन पर आगे बढ़ता रहा। भारत के विदेश मंत्रालय के अनुसार, भारतीय युद्धपोत को कोई ढांचागत नुकसान नहीं हुआ। रिपोर्ट के मुताबिक, भारतीय नौसेना का कोलकाता क्लास जहाज उत्तरी अरब सागर में नियमित निगरानी मिशन पर था, जबकि पाकिस्तान का कहना है कि पीएनएस हुनैन वहां नौसेना के 'सी स्पार्क' अभ्यास के तहत मौजूद था।

पीएनएस हुनैन पाकिस्तान नौसेना का यारमूक क्लास ऑफशोर पेट्रोल वेसल है, जिसे समुद्री निगरानी और सुरक्षा जैसे अभियानों के लिए तैयार किया गया है। करीब 98 मीटर लंबे इस जहाज का डिस्प्लेसमेंट लगभग 2,600 टन है और यह करीब 25 नॉट की रफ्तार पकड़ सकता है। इसमें हेलिकॉप्टर, यूएवी और अन्य समुद्री उपकरण ले जाने की क्षमता बताई जाती है। दूसरी ओर, भारत का कोलकाता क्लास एक बड़ा गाइडेड मिसाइल विध्वंसक है, जिसकी लंबाई करीब 164 मीटर और अधिकतम गति 30 नॉट है। इसमें आधुनिक रडार, ब्रह्मोस मिसाइल, सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइलें, 76 मिमी गन और एके-630 सिस्टम जैसे हथियार मौजूद हैं। इसी वजह से दोनों युद्धपोतों के आकार और सैन्य क्षमता में बड़ा अंतर है। टक्कर कैसे हुई, इसे लेकर दोनों पक्षों के अलग-अलग दावे सामने आए हैं। पाकिस्तान के जहाज ने जानबूझकर टक्कर मारी या यह दुर्घटना थी,

# पीएम मोदी के जन्मदिन पर बिप्लब देब ने किया रक्तदान



## अगरतला में लगा महा रक्तदान शिविर

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर भाजपा की ओर से चलाए जा रहे 'सेवा संकल्प अभियान' के तहत अगरतला के प्रज्ञा भवन में महा रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। कार्यक्रम में भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव और पश्चिम त्रिपुरा से सांसद तथा राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री बिप्लब कुमार देब ने स्वयं रक्तदान किया और अन्य रक्तदाताओं का उत्साह बढ़ाया।

इस दौरान उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री का जन्मदिन भाजपा कार्यकर्ता सेवा और समर्पण के पर्व के रूप में मना रहे हैं। उन्होंने रक्तदान को जरूरतमंद मरीजों की मदद का महत्वपूर्ण माध्यम बताते हुए रक्तदाताओं का आभार जताया। बिप्लब देब ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में विकास, बुनियादी ढांचे, डिजिटल तकनीक, गरीब कल्याण, महिला सशक्तिकरण और युवाओं के लिए अवसरों से जुड़े कार्यों का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि सेवा गतिविधियां केवल एक दिन तक सीमित नहीं रहनी चाहिए, बल्कि समाज और राष्ट्र के प्रति निरंतर जिम्मेदारी की भावना को मजबूत करना चाहिए। कार्यक्रम में भाजपा कार्यकर्ताओं और आम नागरिकों ने

# चार बेटों ने नहीं दी मां को मुखाग्नि





**यूनिक समय, नई दिल्ली।** मध्य प्रदेश के इंदौर से रिश्तों को झकझोर देने वाला मामला सामने आया है। लता बाई नाम की एक बुजुर्ग महिला की मौत के बाद उनके चारों बेटे अंतिम संस्कार में शामिल नहीं हुए। ऐसे में जिन समाजसेवियों ने जीवन के आखिरी आठ महीने उनकी देखभाल की थी, उन्होंने ही मां की अंतिम विदाई का जिम्मा उठाया। जानकारी के मुताबिक, लता बाई सिलिकॉन सिटी की गणेश रेसिडेंसी में रहती थीं और उन्होंने अपनी जमा पूंजी व जेवर बेचकर फ्लैट खरीदा था। संस्था से जुड़े लोगों का दावा है कि बाद में उनके एक बेटे ने फ्लैट अपने नाम करा लिया और उन्हें घर से बाहर कर दिया। इसके बाद प्रीयु

## समाजसेवियों ने निभाया आखिरी फर्ज

फाउंडेशन के अजय नागदा ने उनकी मदद की और मेडिकल जांच के बाद उन्हें जानकी वृद्धाश्रम में आश्रय दिलाया गया। करीब आठ महीने तक उनकी देखभाल वहीं हुई। तबीयत बिगड़ने पर उन्हें एमवाय अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान निधन हो गया। संस्था के अनुसार, बेटों को सूचना देने के बावजूद वे अंतिम संस्कार में नहीं पहुंचे। इसके बाद प्रीयु फाउंडेशन और जानकी वृद्धाश्रम ने रीजनल पार्क में पूरे सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया।

# जहरीले पेय ने मचाया हड़कंप, नाइजीरिया में 48 लोगों की मौत




**यूनिक समय, नई दिल्ली।** नाइजीरिया के ओंडो राज्य में संदिग्ध जहरीले स्थानीय पेय के सेवन से हड़कंप मच गया है। इस घटना में कम से कम 48 लोगों की मौत हो गई, जबकि 100 से ज्यादा लोगों के बीमार होने की जानकारी सामने आई है। स्वास्थ्य अधिकारियों के अनुसार, ओडिग्बो और इरेले स्थानीय सरकारी क्षेत्रों में बड़ी संख्या में लोग इस पेय के सेवन के बाद बीमार पड़े। कुल मिलाकर करीब 182 लोग इस घटना से प्रभावित हुए हैं। अधिकारियों को आशंका है कि पेय में मेथनॉल मिला हुआ था, जिसके कारण लोगों की तबीयत तेजी से बिगड़ी।

ओंडो पुलिस के प्रवक्ता अबायोमी जिमोह के मुताबिक, मामले में 15 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इनमें से एक व्यक्ति कथित तौर पर मेथनॉल युक्त पेय का उत्पादन कर रहा था। आरोपी फिलहाल पुलिस की जांच में सहयोग कर रहा है। स्वास्थ्य आयुक्त बंजी अजाका ने बताया कि कुछ बीमार लोगों को इलाज के बाद अस्पताल से छुट्टी भी दे दी गई है, जबकि कई लोगों का अभी उपचार जारी है। अधिकारियों के अनुसार मेथनॉल की मात्रा अधिक होने पर इसका सेवन बेहद गंभीर स्वास्थ्य नुकसान पहुंचा सकता है। इससे आंखों की रोशनी प्रभावित होने, गुर्दे खराब होने और मस्तिष्क को नुकसान पहुंचने जैसी समस्याएं हो सकती हैं।

स्थानीय मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक, इस घटना में पहली मौत करीब दो सप्ताह पहले सामने आई थी। नाइजीरिया के ग्रामीण इलाकों में स्थानीय स्तर पर तैयार शराब और पेय अपेक्षाकृत सस्ते होने के कारण इनका इस्तेमाल आम है। इसी वजह से ऐसे पेय की गुणवत्ता और सुरक्षा को लेकर भी चिंता बनी रहती है। देश की राष्ट्रीय खाद्य एवं औषधि प्रशासन एवं नियंत्रण एजेंसी छोटे पाउच और प्लास्टिक कंटेनरों में बिकने वाली शराब पर राष्ट्रव्यापी प्रतिबंध लागू कर रही है। इस घटना के बाद प्रशासन ने जांच तेज कर दी है और जहरीले पेय के स्रोत का पता लगाने की कोशिश की जा रही है।

# ऑटो रोककर लूटे डेढ़ करोड़, पुलिस ने बरामद किए 1 करोड़

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** दिल्ली के दरियागंज थाना क्षेत्र में गनपॉइंट पर हुई करीब डेढ़ करोड़ रुपये की लूट का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। दिल्ली पुलिस ने मामले में पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है और उनके कब्जे से लूटी गई रकम में से करीब एक करोड़ रुपये बरामद किए हैं। पुलिस अब बाकी रकम की बरामदगी और वारदात में शामिल अन्य लोगों की भूमिका की जांच कर रही है। पुलिस के मुताबिक, लूट की यह वारदात 7 सितंबर 2026 की शाम करीब 7:30 बजे आउटर रिंग रोड पर गीता कॉलोनी फ्लाईओवर के पास हुई थी। शिकायतकर्ता अपने एक साथी के साथ चांदनी चौक से सफदरजंग एन्क्लेव की ओर ऑटो-रिक्शा से जा रहा था। उसके पास एक बैग था, जिसमें करीब 1.5 करोड़ रुपये नकद रखे हुए थे। जैसे ही ऑटो फ्लाईओवर के पास पहुंचा, बाइक



सवार तीन बदमाशों ने उसे रोक लिया। आरोप है कि बदमाशों में से एक ने पिस्तौल निकालकर शिकायतकर्ता और उसके साथी को धमकाया और नकदी से भरा बैग लूट लिया। वारदात के बाद तीनों आरोपी मोटरसाइकिल से आईटीओ की तरफ फरार हो गए। शिकायतकर्ता ने पुलिस को बताया कि वह चांदनी चौक में पेमेंट कलेक्टर और डिलीवरी बॉय के तौर पर काम करता है और उसके पास मौजूद रकम उसके नियोक्ता की थी। 8 सितंबर को दरियागंज थाने में केस दर्ज होने के बाद पुलिस ने जांच शुरू की। टीमों ने घटनास्थल और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली और स्थानीय सूत्रों की मदद से आरोपियों की पहचान की। इसके बाद पुलिस ने पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर करीब एक करोड़ रुपये बरामद किए। पुलिस का कहना है कि आरोपियों से पूछताछ जारी है और बाकी रकम की तलाश की जा रही है। वहीं, दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने 9 सितंबर को एक अलग मामले में 42 वर्षीय कथित लुटेरे शराफत अली उर्फ मामा को भी गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार, वह उत्तर-पूर्वी दिल्ली में 50 लाख रुपये की गनपॉइंट लूट के मामले में करीब 11 साल से फरार था। उसे डीएनडी फ्लाईओवर इलाके से गिरफ्तार किया गया। पुलिस के मुताबिक, पैरोल की अवधि खत्म होने के बाद वह वापस जेल नहीं लौटा था और उसे दो मामलों में घोषित अपराधी घोषित किया गया था।

# कंबल में छिपे सांप ने भाई बहन को डसा, बहन की मौत




## सांप ने पहले बहन को डसा, फिर भाई के पैर से लिपटा

## नामकरण की खुशियां मातम में बदलीं

**यूनिक समय, आगरा।** थाना कागारौल क्षेत्र के मुरकिया गांव में बुधवार तड़के कंबल में छिपे सांप ने एक ही चारपाई पर सो रहे भाई–बहन को डस लिया। हादसे में बहन कामिनी की इलाज के दौरान मौत हो गई, जबकि भाई पंकज की हालत गंभीर बनी हुई है। घटना के समय घर में पंकज के 10 दिन के बेटे के नामकरण संस्कार की तैयारियां चल रही थीं।

परिजनों के मुताबिक बुधवार रात रिश्तेदार नामकरण कार्यक्रम में शामिल होने के लिए घर आए थे। ठंड के कारण कामिनी और पंकज एक ही चारपाई पर कंबल ओढ़कर सो रहे थे। इसी दौरान कंबल में छिपे सांप ने पहले कामिनी को डस लिया। इसके बाद सांप पंकज के पैर से लिपट गया और उसे भी काट लिया। पंकज को सांप के डसने का एहसास हुआ तो उसने शोर मचाया। कामिनी ने उसके पैर में सांप देखा और परिजनों से भाई को तत्काल अस्पताल ले जाने की गुहार लगाई।

पंकज को रात में जिला अस्पताल ले जाया गया। इसी बीच कामिनी की तबीयत बिगड़ने लगी। उसे उल्टी, सीने में जलन और चक्कर की शिकायत हुई। परिजनों को तब पता चला कि उसे भी सांप ने डसा है। उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

परिजनों के अनुसार कामिनी आठवीं कक्षा की छात्रा थी। अस्पताल से शव घर लाने के बाद परिजनों ने झाड़–फूंक भी कराई, लेकिन उसकी जान नहीं बच सकी। बुधवार रात उसका अंतिम संस्कार कर दिया गया। वहीं गंभीर हालत में पंकज को शमसाबाद रोड स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

पंकज की करीब दस महीने पहले शादी हुई थी और दस दिन पहले ही वह पिता बना था। बेटे के नामकरण को लेकर घर में खुशियों का माहौल था, लेकिन हादसे ने परिवार की खुशियां मातम में बदल दीं। सीएमओ डॉ. अरुण श्रीवास्तव ने बताया कि घटना की जानकारी जुटाई जा रही है।

# बलदेव छठ पर दाऊजी मंदिर में उमड़ी श्रद्धा



## पंचामृत से अभिषेक, दाऊजी को लगाया 56 भोग

**यूनिक समय, हाथरस।** ब्रज की देहरी कहे जाने वाले हाथरस में गुरुवार को बलदेव छठ का पर्व श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। किला स्थित प्रसिद्ध श्री दाऊजी महाराज मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ जुटने लगी। मंदिर में विशेष पूजा–अर्चना, महाभिषेक और धार्मिक अनुष्ठान किए गए। जयकारों, शंखनाद और घंटियों की गूंज से मंदिर परिसर भक्तिमय बना रहा।

बलदेव छठ के अवसर पर जिलाधिकारी अतुल वत्स, जिला जज विनय कुमार और पुलिस अधीक्षक चिरंजीवनाथ सिन्हा ने श्री दाऊजी महाराज का विधि–विधान से पूजन और महाभिषेक किया। मंत्रोच्चार के बीच पंचामृत से अभिषेक कराया गया और भगवान को छप्पन भोग अर्पित किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने दर्शन कर पूजा–अर्चना की। पर्व को लेकर शहर के अन्य मंदिरों में भी धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। सुबह से ही मंदिरों में श्रद्धालुओं का पहुंचना शुरू हो गया। प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों ने भी व्यवस्थाओं का जायजा लिया। हाथरस के अलावा बड़ी संख्या में श्रद्धालु मथुरा के बलदेव स्थित दाऊजी महाराज मंदिर पहुंचे और भगवान बलराम के दर्शन कर पूजा–अर्चना की। पर्व को लेकर पूरे ब्रज क्षेत्र में श्रद्धा और उत्साह का माहौल रहा।

# मोदी के जन्मदिन पर जिले में हुए सेवा और स्वच्छता कार्यक्रम

**यूनिक समय, मथुरा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर सेवा संकल्प अभियान के तहत जिले में स्वच्छता, नारी सम्मान और रक्तदान सहित कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। अभियान के तहत सेवा कार्य किए गए। कोसीकलां में चेयरमैन धर्मवीर अग्रवाल ने भगवती मंदिर परिसर और गोमती कुंड के घाटों पर सफाई अभियान चलाया। उन्होंने स्वयं झाड़ू लगाकर सफाई की। पालिका कर्मचारियों और स्थानीय कार्यकर्ताओं ने भी इसमें सहयोग किया। धर्मवीर अग्रवाल ने कहा कि सार्वजनिक स्थानों की नियमित सफाई से वातावरण स्वच्छ रहेगा और लोगों में भी जागरूकता बढ़ेगी। शेरगढ़ में सेवा संकल्प के तहत रक्तदान शिविर, हवन–पूजन और फल वितरण किया गया। रिंकू प्रधान, कपिल चेयरमैन, रामवीर प्रधान जिला पंचायत, बांके लाल गर्ग और रंजीत गुर्जर सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# बिजलीघर में गूंजा जय श्री विश्वकर्मा, औजारों का पूजन

**यूनिक समय, कोसीकलां।** भगवान विश्वकर्मा जयंती पर गुरुवार को कोसीकलां बिजलीघर परिसर भक्तिमय हो उठा। बिजली विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों ने भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर पूजन किया। इसके बाद पेचकस, प्लास, टेस्टर, हेलमेट, सीढ़ी सहित बिजली उपकरणों, मशीनों, ट्रांसफार्मरों और विभागीय वाहनों का विधिवत पूजन किया गया।

मंत्रोच्चार के बीच आयोजित हवन–यज्ञ में कर्मचारियों ने आहुति देकर बिजली के जोखिम भरे कार्यों के दौरान सुरक्षा की कामना की। साथ ही विभाग और कर्मचारियों की तरक्की के लिए प्रार्थना की गई। हवन के बाद भंडारे का आयोजन हुआ, जिसमें बिजली विभाग के कर्मचारियों के अलावा आसपास के दुकानदारों और राहगीरों ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में जेई रोहित साहू, एसएसओ बाबू खान, योगेश, सतवीर, अकरम, सलीम, ओमप्रकाश, बुद्धा शर्मा, नरेश कुमार, तारा, बिजेंदर, बलराम और मान सिंह मौजूद रहे।

# राधाष्टमी पर श्रद्धालुओं की राह आसान करेंगे कॉरिडोर

## बरसाना में भीड़ को नियंत्रित करने के लिए बनाए गए अलग–अलग रास्ते


कॉरिडोर का निरीक्षण करते एसपी देहात सुरेश चंद्र रावत।

**यूनिक समय, बरसाना।** राधाष्टमी महोत्सव को सकुशल कराने के लिए प्रशासन ने श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए विशेष कॉरिडोर तैयार कराए हैं। इन कॉरिडोर के जरिए श्रद्धालुओं को एक जगह भीड़ जमा किए बिना आसानी से आवागमन कराया जाएगा।

राधाष्टमी पर बरसाना में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। इसे देखते हुए प्रशासन ने भीड़ को व्यवस्थित करने के लिए अलग–अलग रास्ते बनाए हैं। श्रद्धालुओं को इन्हीं निर्धारित कॉरिडोर से मंदिर और दर्शन स्थल तक पहुंचाया जाएगा। इससे भीड़ का दबाव कम रहेगा और श्रद्धालुओं को आने–जाने में परेशानी नहीं होगी। एसपी देहात सुरेश चंद्र रावत और सीओ ने आला अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया। प्रमुख स्थानों पर पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई है। एसपी देहात ने कहा कि श्रद्धालुओं को भीड़ के बीच धक्का–मुक्की से बचाने और सुरक्षित आवागमन के लिए कॉरिडोर का विशेष ध्यान रखा जाएगा।

# महिला थाने की काउंसलिंग से फिर साथ आया दंपति

**यूनिक समय, मथुरा।** महिला थाने में हुई काउंसलिंग के दौरान पुलिस ने आपसी मतभेद के चलते अलग होने की कगार पर पहुंचे पति–पत्नी के बीच समझौता कराया। उप निरीक्षक अनुराधा यादव ने दोनों पक्षों की बात ध्यान से सुनी और बातचीत के माध्यम से विवाद का समाधान कराने का प्रयास किया।

पुलिस की समझाइश के बाद पति–पत्नी ने पुरानी नाराजगी और मतभेद भुलाकर दोबारा साथ रहने पर सहमति जताई। दोनों ने अपनी–अपनी गलतियों को स्वीकार करते हुए भविष्य में विवाद की स्थिति पैदा नहीं होने देने का भरोसा दिया। इसके बाद दोनों खुशी–खुशी साथ घर लौट गए। पुलिस की काउंसलिंग से परिवार टूटने से बच गया।

## पोक्सो एक्ट में वांछित गिरफ्तार

**यूनिक समय,मथुरा।** राया पुलिस ने पोक्सो एक्ट में वांछित चल रहे अभियुक्त अमान निवासी मछली मंडी भरतपुर गेट को उसके घर पर दबिश देकर गिरफ्तार कर लिया। उस पर आरोप लगाया गया था कि उसने एक किशोरी को कैफे में ले जाकर बलात्कार किया।

## टेंपो ने बाइक को टक्कर मारी, महिला की मौत, पति घायल

**यूनिक समय,मथुरा।** थाना यमुनापार क्षेत्र स्थित राया–मथुरा रोड पर लक्ष्मीनगर के समीप बाइक सवार दंपत्ति को टेंपो ने टक्कर मार दी। दुर्घटना में पत्नी की मौत हो गई, जबकि पति घायल हो गया।बताया गया कि बुधवार रात थाना राया केगांव पींगरी निवासी बीरेंद्र सिंह अपनी पत्नी मनोज देवी के साथ बाइक पर मथुरा से गांव के लिए जा रहे थे। लक्ष्मीनगर के समीप राया–मथुरा रोड पर बीरेंद्र की बाइक को टेंपो ने टक्कर मार दी। दुर्घटना में मनोज देवी सड़क पर गिरकर बुरी तरह घायल हो गई। वहीं बीरेंद्र भी चुटेल हो गया। बताया गया कि महिला की अस्पताल ले जाते रास्ते में मौत हो गई। दुर्घटना करने वाला टेंपो चालक मौके से भाग गया। पुलिस ने महिला के शव का पंचनामा करने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस दुर्घटना करने वाले टेंपो चालक की तलाश कर रही है।

## छत से गिरकर घायल हुए युवक ने दम तोड़ा

**यूनिक समय,मथुरा।** थाना हाईवे क्षेत्र स्थित द्वारिकेश नगर कॉलोनी में छत से गिरकर घायल हुए युवक की अस्पताल में मौत हो गई। बताया गया कि द्वारिकेश नगर कॉलोनी में रहने वाला युवक सतीश चंद (38) पुत्र शंकरलाल 14 अगस्त को छत से गिरकर गंभीर घायल हो गया था। परिवार के लोगों ने युवक को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया था। अस्पताल में इलाज के दौरान बीती रात उसकी मौत हो गई। पुलिस ने अस्पातल की सूचना पर शव का पंचनामा करने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। युवक की मौत से परिवार में मातम छाया हुआ है।

## किशोर को अज्ञात वाहन ने टक्कर मारी,मौत

**यूनिक समय, मथुरा।** थाना हाईवे क्षेत्र स्थित मंडी समिति के समीप सड़क पार करते एक किशोर को किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। दुर्घटना में किशोर की मौत हो गई।

बताया गया कि गणेश कुंज एटीवी के पीछे रहने वाला वरुण चौधरी (14) पुत्र कृष्ण गोपाल चौधरी बीती रात मंडी के समीप सड़क पार कर रहा था। इसी बीच तेज गति से आते किसी वाहन ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। वरुण चौधरी को टक्कर मारता हुआ वाहन मौके से भाग गया। वरुण को लोग अस्पताल पहुंचाते, इससे पूर्व ही उसकी मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा करने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## गाली–गलौज और वाहन के शीशे तोड़ने का आरोप

**यूनिक समय, बरसाना।** थाना क्षेत्र में सरकारी आवास के बाहर गाली–गलौज, वाहन के शीशे तोड़ने और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पूजा चौधरी निवासी हाईवे सिटी, मथुरा ने पुलिस को दी तहरीर में बताया है कि नौ सितंबर की रात करीब नौ बजे पूर्व में चिकित्सा अधिकारी रह चुके मनोज वशिष्ठ उनके सरकारी आवास पर पहुंचे और नशे की हालत में गाली–गलौज करने लगे। विवाद से बचने के लिए वह और उनके पति बाहर नहीं निकले। आरोप है कि इसके बाद मनोज वशिष्ठ ने उनकी गाड़ी के शीशे तोड़ दिए और जान से मारने की धमकी दी। पूजा चौधरी ने आरोपी पर पूर्व में भी उन्हें और उनके पति को नुकसान पहुंचाने के लिए लोगों को भेजने का आरोप लगाया है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## खेत पर भाई के साथ लाठी–डंडों से मारपीट

**यूनिक समय, बरसाना।** थाना क्षेत्र के ग्राम नंदगांव में खेत पर काम करने जा रहे युवक के साथ मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है।

नवल सिंह निवासी ग्राम नंदगांव ने पुलिस को तहरीर में बताया है कि 12 अगस्त को सुबह करीब 10:30 बजे भाई महेश खेत पर जा रहा था। आरोप है कि इसी दौरान मनमोहन सिंह मंगला निवासी होडल जिला पलवल, उसके मुनीम नीम मिश्रा, रामहरी, ओमप्रकाश निवासी ग्राम नंदगांव और अन्य लोगों के साथ वहां पहुंचे। आरोपियों ने लाठी–डंडे, चाकू और फरसा आदि लेकर महेश के साथ गाली–गलौज करते हुए मारपीट की। मारपीट में महेश को प्राणघातक चोटें आईं और वह किसी तरह अपनी जान बचाकर वहां से निकला। जाते समय आरोपियों ने उसे जान से मारने की धमकी भी दी।

## न्यायालय के आदेश की अवहेलना पर मुकदमा दर्ज

**यूनिक समय, मथुरा।** जैत पुलिस ने न्यायालय के आदेशों की अवहेलना और राष्ट्रीय राजमार्ग की भूमि पर अवैध कब्जे एवं व्यावसायिक गतिविधि के आरोप में मुकदमा दर्ज किया है। प्राथमिकी के अनुसार, एनएचएआई के आरपीओ बिजेंद्र सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि ग्राम छरौरा तहसील सदर स्थित राष्ट्रीय राजमार्ग की भूमि पर निर्मित अवैध निर्माण-बाउंड्री वॉल को पूर्व में हटाया गया था। प्राथमिकी के अनुसार, जिला न्यायालय मथुरा में वाद संख्या 867 वर्ष 2022 और उच्च न्यायालय इलाहाबाद के आदेशों के तहत संबंधित स्थल पर यथास्थिति बनाए रखने के निर्देश दिए गए थे। आरोप है कि सुनील कुमार, निवासी ग्राम छरौरा जैत ने 12 अगस्त को राष्ट्रीय राजमार्ग की भूमि पर लगी आंगनडी को हटा दिया। इसकी सूचना 17 अगस्त को थाने में दी गई थी। आरोप है कि चार सितंबर को उसी स्थान पर नाम से ढाबा-रेस्टोरेंट का संचालन शुरू कर दिया गया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरु कर दी है।

## करोड़ों की धोखाधड़ी,पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा

**यूनिक समय, जैंत।** स्थानीय पुलिस ने तीर्थ चंद गर्ग निवासी श्री साईं बाबा अपार्टमेंट, सेक्टर-नौ रोहिणी, उत्तर- पश्चिमी दिल्ली की शिकायत पर जमीन के नाम पर धोखाधड़ी के आरोप में पांच नामजद लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। प्राथमिकी के अनुसार, तीर्थ चन्द गर्ग और चेतन गर्ग वृंदावन में आवास के लिए जमीन खरीदना चाहते थे। आरोप है कि बालमुकुंद शर्मा निवासी मैजेस्टिक कीकी नगरा सुनरख रोड वृंदावन ने अन्य लोगों के साथ मिलकर खसरा संख्या 204 की जमीन दिखाकर उन्हें भरोसे में लिया। बाद में 10 जून 2024 को जमीन की बिक्री का बैनामा कराया गया और करीब 1.45 करोड़ रुपये भुगतान किए गए। शिकायत में कपिल जग्गी, कृष्ण कुमार खण्डेलवाल, योगेन्द्रलाल खंडेलवाल और मीना कुमारी के नाम भी शामिल हैं। आरोप है कि बाद में निर्माण कराने पहुंचे तो जमीन की स्थिति और अभिलेखों में विसंगतियां सामने आईं। मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## आभूषण लेकर लौटाने से इन्कार, मुकदमा दर्ज

**यूनिक समय, वृंदावन।** आभूषणों को ग्राहक को दिखाने के बहाने ले जाने और वापस नहीं लौटाने के आरोप में पुलिस ने एक युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। मामले में मुंबई निवासी अशोक वर्मा नवरत्न ज्वैलर्स ने शिकायत दर्ज कराई है।

अशोक वर्मा का आभूषणों का कारोबार है, उनका कार्यालय मुंबई के झवेरी बाजार स्थित नवरत्न ज्वैलर्स शॉप नंबर-तीन, मुम्बा देवी मंदिर, झवेरी स्ट्रीट में है। अशोक वर्मा के अनुसार, कुछ समय पहले मुंबई में आयोजित ज्वैलरी प्रदर्शनी के दौरान उनकी मुलाकात शुभम अग्रवाल निवासी 116 राधा पार्क वृंदावन से हुई थी। आरोप है कि शुभम ने अपने परिचय और व्यवसाय का हवाला देते हुए उन से संपर्क बनाए रखा। सितंबर 2026 में उसने आभूषण ग्राहक को दिखाने के लिए वृंदावन लाने का आग्रह किया। अशोक वर्मा के अनुसार, आठ सितंबर को सुबह करीब 10:30 बजे वह आभूषण लेकर वृंदावन पहुंचे और शुभम को ग्राहक को दिखाने के लिए आभूषण सौंप दिए। आरोप है कि शुभम ने उसी दिन आभूषण वापस नहीं किए और बाद में फोन पर अगले दिन लौटाने का आश्वासन दिया। 11 सितंबर को शुभम ने कथित तौर पर व्हाट्सऐप वॉइस मैसेज भेजकर आत्महत्या करने और झूठे केस में फंसाने की धमकी भी दी। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।